# mRrj Ánss'k iqfyl

# Hkou gLr iqfLrdk

## 2012

¼Hkouksa ds fuekZ.k] vuqj{k.k] /oLrhdj.k Hkkfe&Hkou ds vfHkys[kksa] tydj] Hkou dj rFkk fo|qr O;; ds fo"k; esa iqfyl egkfuns'kd] mRrj Ánss'k ds funsZ'k½

## mRrj Ánss'k iqfyl eq[;ky;]
## bykgkckn

सर्वाधिकार
mRrj Án'k ifyl e[;ky;
इलाहाबाद

संस्करण : 2012

मुद्रक
**आर. के. प्रिंटर्स**
३९बी चाहचन्द, इलाहाबाद

अतुल
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश
1–तिलक मार्ग,
लखनऊ–226001
दूरभाष:0522–2206104
सीयूजी:9454400101
दिनांक:मार्च ९ ,2012

प्रिय महोदय,

विभागीय भवनों (अनावासीय/आवासीय) का सही ढंग से निर्माण, अनुरक्षण, भूमि तथा भवनों के अभिलेखों का रख रखाव, पुलिस अधीक्षक (जिला प्रमुख)/ सेनानायक/प्रभारी इकाई का महत्वपूर्ण दायित्व है। पुलिस विभाग के भवनों के निर्माण, अनुरक्षण–विशेष/सामान्य मरम्मत, छुद्रमूल निर्माण कार्य, विद्युतीकरण कार्य एवं भूमि एवं भवन के अभिलेखों के रख–रखाव आदि के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत निर्देशों/शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में पुलिस मुख्यालय एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा पूर्व निर्गत निर्देशों को अवक्रमित करते हुये इस 'भवन हस्त पुस्तिका' के रूप में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं। सर्व सम्बन्धित इसका सही भावना से पालन करें।

भवदीय,

9.3.

( अतुल )

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

प्रेषक,

सुलखान सिंह,
अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उ० प्र० पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
दूरभाष– सी०यू०जी०– 9454400101

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

पुलिस विभाग के भवनों के निर्माण, अनुरक्षण–विशेष/सामान्य मरम्मत, छुद्रमूल निर्माण कार्य, विद्युतीकरण कार्य एवं भूमि एवं भवन के अभिलेखों के रख–रखाव आदि के सम्बन्ध में वर्तमान समय में पुलिस विभाग में ऐसी कोई मार्ग–दर्शिका उपलब्ध नहीं है, जिससे इनके बारे में विस्तृत जानकारी मिल सके। सम्यक जानकारी के अभाव में कई बार अनेक कठिनाइयां होती हैं।

उपर्युक्त के दृष्टिगत समय–समय पर निर्गत निर्देशों/शासनादेशों के आलोक में यह हस्त पुस्तिका तैयार की गयी है। आशा है कि यह विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इस सम्बन्ध में यदि कोई और सुझाव हो तो उससे पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जाय, ताकि इसे भविष्य में परिमार्जित किया जा सके। यह हस्तपुस्तिका पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०, के निर्देशों/आदेशों का संकलन है। अतएव यह यथा निर्दिष्ट समस्त पुलिस अधिकारियों तथा इस कार्य में नियोजित निर्माण इकाईयों/ कार्यदायी संस्थाओं पर बाध्यकारी है। फिर भी यदि कहीं पर ऐसा पाया जाये कि कोई निर्देश किसी शासनादेश/नियमावली या अभियांत्रिकी के सिद्धान्तों के प्रतिकूल है तो इसे तत्काल पुलिस मुख्यालय के संज्ञान में लाया जाये ताकि उसे ठीक किया जा सके।

इस हस्तपुस्तिका में वर्तमान वित्तीय सीमायें एवं शासकीय व्यवस्थाओं के अनुरूप संदर्भ/उद्धरण दिये गये हैं। समय–समय पर शासन द्वारा संशोधन/ परिवर्तन के अनुसार ही इनका पालन किया जाना अपेक्षित है।

भवदीय,

9/3/12

(सुलखान सिंह)

दिनांक:इलाहाबाद:मार्च 9 ,2012

# vuØef.kdk


| v/;k; | fo"k; | i"B l[;k |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 9—10 |
| 2 | भवनों का मानकीकरण | 11—20 |
| 3 | निर्माण | 21—34 |
| 4 | पुलिस विभाग के आवासीय एवं अनावासीय भवनों का विशेष मरम्मत/अनुरक्षण | 35—45 |
| 5 | भूमि एवं भवन के अभिलेखों का रख—रखाव | 46—48 |
| 6 | भवनों का किराया, गृहकर व जलकर | 49—53 |
| 7 | विद्युत व्यय | 54—54 |
| 8 | संलग्नक | 55—175 |

# अध्याय–1

# lkekU;

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर 262 एवं 264 (संलग्नक–1) के अनुसार कार्य की परिभाषायें एवं सामान्य नियम निम्नवत् हैं :–

## ifjHkk"kk;s

dk;k dk Ákj fEHkd :Ik ls nks Jsf.k;ksa esa foHkkftr fd;k x;k gS% ßewy&dk;Þ vkSj ßejEer ;k lq/kkjÞ

मूल कार्य में सभी नये निर्माण सम्मिलित हैं, भले ही वे नये कार्यो के अतिरिक्त हों या अस्तित्वाधीन कार्य के अतिरिक्त तथा संपरिवर्तित कार्य जो कि इमारत के मूल्य पूँजी या कार्य के कारण बढ़े हों। नयी खरीदी गयी या पूर्वतः छोड़ी गयी इमारत, जिसका प्रयोग करना अपेक्षित हो, मूल कार्य में ही आयेंगे।

मरम्मत या सुधार में सभी ऐसे कार्य सम्मिलित हैं, जो इमारतों को सामान्य उपयोग में रखने हेतु इमारत को उचित दशा में रखने के लिए अपेक्षित है।

## lkekU; fu;e

(अ) आवासीय इमारतों को छोड़कर सभी इमारतों के रख–रखाव तथा मरम्मत का दायित्व मय, विद्युत, सफाई, जल आपूर्ति तथा सम्बन्धित विभाग के स्थानीय अधिकारियों पर अधिरोपित सभी लघु कार्यो का निष्पादन विभाग के प्रमुख के नियंत्रण के विषय होंगे। जब कभी भी अपेक्षित हो, लोक निर्माण विभाग सिविल विभागों के कार्य, अभिलेख योजना, इमारत रजिस्टर इत्यादि के सम्बन्ध में सहायता प्रदान करेगा तथा ऐसे कार्य से सम्बन्धित विनिर्दिष्ट बिन्दुओं पर परामर्श हेतु पूछ सकेगा।

(ब) वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर 294–297 तथा 298 (lyXud&2½ dk vuqlkj] सिविल अधिकारी के निर्माणाधीन लोक निर्माण विभाग सभी विभागों की इमारतों में छोटे तथा बड़े कार्यों का भी निष्पादन करेगा, सरकार के स्टाफ तथा सदस्यों के पदीय आवासों की मरम्मत तथा रख–रखाव तथा उनकी इमारतों से सम्बन्धित लघु कार्यो का भी निष्पादन करेंगे।

## bekjrksa dk fujh{k.k

(1) कच्ची इमारतों के सिवाय तथा इमारतों के समूल जो कि मुख्य कच्चे रूप में हैं, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से निम्न श्रेणी के न होने वाले अधिकारी द्वारा सभी इमारतें हर दूसरे वर्ष निरीक्षित की जाएं। अधीक्षण अभियंता अभिनिश्चय करेंगे तथा कब्जाधीन विभाग के स्थानीय प्रमुख को आमंत्रण की सूचना देंगे। प्रत्येक जिले में जिन इमारतों का निरीक्षण सहायक अभियंता द्वारा किया जाएगा, वे प्रखंड अभियंता द्वारा निरीक्षित की जाएंगी। मुख्य अभियंता द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप पर निरीक्षण अधिकारी अपने निरीक्षण का परिणाम अभिलिखित करेंगे, जिसकी एक प्रति वे स्थानीय अधिकारी तथा एक प्रति अधीक्षण अभियंता को भेज देंगे। सूचना में आयी सभी त्रुटियों के निवारणार्थ स्थानीय प्रमुख आवश्यक कदम उठायेंगे।

(2) किसी भी विभाग के प्रमुख एक वर्ष के भीतर किसी भी समय इमारत के निरीक्षण हेतु लोक निर्माण विभाग को कह सकेंगे।

(3) ऐसी इमारत, जिसकी छत लकड़ी या बीम की हो, प्रत्येक वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा निरीक्षण की जाएगी।

(4) लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण अधिकारी इसके विशेष बिन्दुओं की रिपोर्ट देंगे भले ही इसकी चातुर्दिक मरम्मत समुचित हो।

अध्याय–2

# Hkouk dk ekudhdj.k

पुलिस विभाग में बनने वाले विभिन्न प्रकार के आवासीय/अनावासीय भवनों के अन्तर्गत नक्सल क्षेत्रों में थानों/चौकियों के प्रशासनिक भवनों का मानकीकरण हो चुका है। सामान्य थाना के प्रशासनिक भवन, रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, साधारण (ग्रामीण) पुलिस चौकी, महिला थाना, बैरिक तथा आवासीय भवनों के अन्तर्गत श्रेणी–1, 2 व 3 के मानकीकरण का प्रकरण शासन में विचाराधीन है। जब तक शासन से मानकीकरण आदेश जारी नहीं होते हैं, तब तक इन्हीं मानकों के अनुरूप भूमि का आँकलन किया जाना तथा डी०पी०आर० (Detailed Project Report) का बनाया जाना अपेक्षित है। इनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

## Á'kklfud Hkou

| क्र. सं. | भवन | प्रस्तावित कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | निर्मित किये जाने वाले भवनों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (1) | Fkkuk ¼lkekU;½ | 1,631.00 | थाना कार्यालय, थानाध्यक्ष कक्ष, एस०आई० रूम–2, मालखाना (2), पुरुष व महिला हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, कम्प्लेनेन्ट रूम/आगन्तुक कक्ष, आगन्तुक अधिकारी कक्ष, इन्टेरोगेशन रूम, महिला रेस्ट रूम, मीटिंग हाल, सम्पर्क/ स्वागत कक्ष, मनोरंजन कक्ष, गैराज, बैरक– क्षमता 54 जवान (मैस, डायनिंग हाल व टायलेट ब्लाक सहित) जो अधिक नियतन के लिए आवश्यकतानुसार बढ़ायी जा सकेगी, बाउण्ड्रीवाल ऊँचाई 2.40 मी०, लम्बाई आवश्यकतानुसार, सन्तरी पोस्ट, जलापूर्ति, सीवरेज, नाली एवं बाह्य विकास कार्य– भूमि की माप के आवश्यकतानुसार। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (2) | थाना (अष्टकोणीय) नक्सल प्रभावित क्षेत्रों हेतु | 918.90 | शा०सं० 114/6–पु–7–2010–181/2009, दि० 28.4.2010 द्वारा नक्सल प्रभावित जनपदों में निर्मित किये जाने वाले थाना भवन/पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन एवं थाना भवन परिसर में 28 व्यक्तियों की बैरक के निर्माण कार्य का मानकीकरण किया गया है। थाना भवन/पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु कुर्सी क्षेत्रफल– 918.90 वर्ग मीटर एवं प्रशासनिक भवन के परिसर में रिर्जव बैरक (28 व्यक्तियों हेतु) 510.00 वर्गमीटर तथा भूमिगत पैसेज हेतु 37.63 वर्गमीटर कुल 510.00+37.63 =547.63 वर्गमीटर का क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है।<br><br>नक्सल प्रभावित जनपदों के लिए प्रस्तावित थाना भवन का मानचित्र एवं कुर्सी क्षेत्रफल तथा पुलिस चौकी के लिए प्रस्तावित क्षेत्रफल व मानचित्र एक समान है, परन्तु थाना परिसर भवन में 28 व्यक्तियों की रिजर्व बैरक का अतिरिक्त प्राविधान सम्मिलित है। कुर्सी की अतिरिक्त ऊँचाई, भूमिगत जल सर्वेक्षण, सी०सी०रोड, मृदा परीक्षण, जल निकासी हेतु नाली के कार्य स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार भिन्न होगी। परिसर में 07 नग अतिरिक्त मोर्चे की स्थापना की जायेगी। नक्सल प्रभावित जनपदों में थाना भवन/पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन एवं 28 व्यक्तियों की बैरक के निर्माण हेतु एरिया स्टेटमेन्ट एवं मानचित्र की छायाप्रतियाँ संलग्न है (संलग्नक–2.3, 2.3.1, 2.3.2, 2.3.3, 2.3.4) |
| (3) | efgyk Fkkuk | 331.15 | कार्यालय, मालखाना, पुरुष व महिला हवालात, आगन्तुक कक्ष (प्रसाधन सहित), थाना प्रभारी कक्ष, एस०आई० रूम, गैराज एवं बैरक– क्षमता 6 व्यक्ति तथा बाउण्ड्रीवाल ऊँचाई 2.40 मी०, लम्बाई आवश्यकतानुसार, सन्तरी पोस्ट, जलापूर्ति, सीवरेज, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | नाली एवं बाह्य विकास कार्य– भूमि की माप के आवश्यकतानुसार। |
| (4) | fjkfVx ifyl pkdh | 168.25 | कार्यालय, मालखाना, पुरुष व महिला हवालात, चौकी प्रभारी/एस० आई० रूम एवं बैरक– क्षमता 7 व्यक्ति तथा बाउण्ड्रीवाल ऊँचाई 2.40 मी०, लम्बाई आवश्यकतानुसार, सन्तरी पोस्ट, जलापूर्ति, सीवरेज, नाली एवं बाह्य विकास कार्य– भूमि की माप के आवश्यकतानुसार। |
| (5) | lk/kkj.k ifyl pkdh (विशेष ग्रामीण पुलिस चौकी) | 107.75 | कार्यालय, मालखाना, चौकी प्रभारी/एस० आई० रूम एवं बैरक– क्षमता 5 व्यक्ति तथा बाउण्ड्रीवाल ऊँचाई 2.40 मी०, लम्बाई आवश्यकतानुसार, सन्तरी पोस्ट, जलापूर्ति, सीवरेज, नाली एवं बाह्य विकास कार्य– भूमि की माप के आवश्यकतानुसार। |

## cjd

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) | 12 व्यक्ति क्षमता | भूतल– 201.05 वर्ग मी०<br>प्रथम तल– 37.75 वर्ग मी० |
| (2) | 24 व्यक्ति क्षमता | भूतल– 182.00 वर्ग मी०<br>प्रथम तल– 182.00 वर्ग मी०<br>द्वितीय तल– 41.50 वर्ग मी० |
| (3) | 48 व्यक्ति क्षमता | भूतल– 275.00 वर्ग मी०<br>प्रथम तल– 275.00 वर्ग मी०<br>द्वितीय तल– 45.00 वर्ग मी० |
| (4) | 72 व्यक्ति क्षमता | भूतल– 560.03 वर्ग मी०<br>प्रथम तल– 407.47 वर्ग मी०<br>द्वितीय तल– 92.50 वर्ग मी० |

## vkokl h; Hkou

| क्र. सं. | श्रेणी | एक ब्लाक का प्रस्तावित कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | निर्मित किये जाने वाले भवनों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (1) | श्रेणी–प्रथम (स्पेशल)<br>16 आवास–एक ब्लाक (1+3)<br>¼dkU lVcy rd d in /kkjdk gr½ | 785.60 | दो कमरे (24.59 वर्गमी०), लाबी (10.05 वर्गमी०), बरामदा (5.52 वर्गमी०), रसोईघर, स्नानगृह/शौचालय |
| (2) | श्रेणी–द्वितीय (स्पेशल)<br>08 आवास–एक ब्लाक (1+3)<br>¼gM dkU lVcy] ,å,lå vkbå ¼,e½ rFkk led{k in /kkjdk gr½ | 529.63 | तीन कमरे (33.39 वर्गमी०), लाबी (10.34 वर्गमी०), बरामदा (4.38 वर्गमी०), रसोईघर/स्टोर (7.74 वर्गमी०), कमरों से सम्बद्ध स्नानगृह/शौचालय–2 |
| (3) | श्रेणी–तृतीय (स्पेशल)<br>08 आवास–एक ब्लाक (1+3)<br>¼fujh{kd] mi fujh{kd] ,låvkbå¼,e½ rFkk led{k in /kkjdk gr½ | 703.13 | तीन कमरे (43.50 वर्गमी०), लाबी (13.80 वर्गमी०), बरामदा (4.38 वर्गमी०), रसोईघर/स्टोर (7.74 वर्गमी०), कमरों से सम्बद्ध स्नानगृह/शौचालय–2 |

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस अधीक्षक आवास, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारियों के आवासीय भवन तथा अन्य अनावासीय भवनों का भी मानकीकरण निकट भविष्य में करा लिया जायेगा। मानकीकरण होने तक ऐसे कार्यालय/आवासों का निर्माण प्रचलित मानचित्रों के अनुसार ही कराया जायेगा।

## vLrcy dk ekud

मानकीकरण के अभाव में प्रदेश पुलिस के सवार पुलिस मुख्यालयों पर अश्वशाला एवं अश्वशाला प्रबन्धन से सम्बन्धित निर्मित भवन अश्वों के दिनचर्या एवं उनके रख–रखाव की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त सुविधाजनक नहीं हैं, जिससे उनके

स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिणामतः अश्व कानून–व्यवस्था ड्यिूटी के साथ–साथ विभिन्न स्पर्धा प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं दे पा रहे हैं। अतः यह आवश्यक है कि अश्वशाला एवं अश्वशाला प्रबन्धन से सम्बन्धित भवनों का मानकीकरण किया जाय, ताकि भविष्य में बनाये जाने वाले ऐसे भवन मानक के अनुरूप ही निर्मित कराये जांय।

2– अश्वों की सुविधा एवं अश्वशाला प्रबन्धन की आवश्यकताओं के मूल्यांकन के उपरान्त अश्वशाला एवं अश्वशाला प्रबन्धन से सम्बन्धित भवनों का निम्नवत् मानक रखा जाना प्रस्तावित हैः–

## ÁLrkfor ekud

### ¼1½ Hkouk dh eki ¼oxehVj e½

| Hkou vkfn dk uke | yEckbZ | pkSMkbZ | ÅapkbZ | flyFk ,fj;k |
|---|---|---|---|---|
| एक अश्व हेतु बाक्स | 4.25 m | 3.5 m | 3.75 m | 14.88 $m^2$ |
| सिक रूम | 4.25 m | 3.5 m | 3.75 m | 14.88 $m^2$ |
| काठीघर (सैडिलरी रूम) | 5 m | 4 m | 3.5 m | 20 $m^2$ |
| दाना गोदाम | 6 m | 4 m | 3.5 m | 24 $m^2$ |
| घास गोदाम | 12 m | 6 m | 3.5 m | 72 $m^2$ |
| कार्यालय भवन | 5. 5 m | 4.25 m | 3.20 m | 23.38 $m^2$ |
| डिस्पेंसरी | 4.25 m | 4.25 m | 3.20 m | 18.06 $m^2$ |
| विविध स्टोर | 4.25 m | 4.25 m | 3.20 m | 18.06 $m^2$ |
| गार्द रूम | 4.25 m | 3.5 m | 3.20 m | 14.88 $m^2$ |
| राइडिंग स्कूल का मैदान | 60. 00 m | 30. 00 m | | 1800 $m^2$ |

### ¼2½ vU; ekud

- अश्वशाला में अश्वों की संख्या के 20 प्रतिशत के पूर्णांक के बराबर किन्तु कम से कम दो सिक रूम हो। इसकी फर्श कच्ची तथा उसमें दो फीट बालू डाली गयी हो।
- 12 अश्वों से अधिक की संख्या के लिये प्रत्येक 6 अश्व पर काठीघर एवं दाना गोदाम का प्लिंथ एरिया 5$m^2$ तथा घास गोदाम का प्लिंथ एरिया 8$m^2$ अधिक

रखा जाय।

- दो बाक्स के बीच की दीवार (पार्टीशन) की ऊंचाई 1.8 m हो।
- यदि पर्याप्त भूमि उपलब्ध है तो अस्तबल 2m की गैलरी के दोनों ओर (सेण्टरदार) निर्मित हो अन्यथा एक कतार में हो।
- यदि अस्तबल सेण्टरदार है तो गैलरी की ओर की दीवार 1.5 m ऊंची हो अन्यथा प्रवेश द्वार की सम्मुख दीवार पूरी ऊंचाई तक हो तथा उसमें हवा के प्रवाह हेतु 1m x 1.2m का रोशनदान हो, जो ऊंचाई पर हो बना हो।
- प्रवेश द्वार– बीचों बीच 1.8 m चौड़ा हो तथा उसके दोनों ओर 0.85 m चौड़ी व 1.2 m ऊंची दीवार हो। शेष स्थान खिड़कीनुमा खुला हो।
- अश्व बाक्स के सामने 2.25 m चौड़ा व पूरे अस्तबल की लम्बाई में बरामदा हो, जिसकी फर्श पक्की व खुरदुरी हो। *बरामदे को 1.8 m ऊंची दीवार से पार्टीशनिंग करके उसकी फर्श को पक्की के बजाय कच्ची रखते हुये दो फुट बालू भी भरवायी जा सकती है तथा उसके बाद गेट बनवाया जा सकता है ताकि अश्व अपनी सुविधा व मर्जी के अनुसार अन्दर–बाहर आ–जा सके तथा बालू वाले स्थान पर आराम भी कर सके। पक्की फर्श में रहने वाले अश्वों को अक्सर केप्ट–एल्बो व पिछले पैर के घुटनों में घाव हो जाता है, किन्तु बालू में बैठने उठने से ऐसा नहीं होगा।*
- अश्वों को खुले अथवा धूप में बांधने हेतु बरामदे के बाद 6 m चौड़ा व पूरे अस्तबल की लम्बाई में पक्की व खुरदुरी फर्श हो तथा उसके अन्त में प्रत्येक अश्व के लिये बाक्स के सामने की ओर दो–दो नाद व अश्व को बांधने हेतु अगाड़ी व पिछाड़ी के लिये छल्ले लगाये गये हों।
- अश्वों के इलाज हेतु अश्वशाला में एक अड़गड़ा हो।
- अश्वशाला के चारों ओर 2 m ऊंची बाउण्ड्रीवाल हो तथा उसमें प्रवेश के लिये 3.5 m चौड़ा मुख्य गेट लगा हो।
- राइडिंग स्कूल की चहारदीवारी की ऊंचाई 2 m हो।

### ¼3½ vU; fof'kf"V;k

- अश्वशाला फिलिंग करके आसपास की भूमि से कुछ ऊंचाई पर हो तथा अश्वों के प्रवेश के लिये पक्का व खुरदुरा रैम्प हो।
- बाक्स की फर्श रबर की (rubberized) हो।
- बाक्स में अश्व के प्रवेश द्वार के सामने की दीवार के दोनों कार्नर पर दो नाद बनी हो। बाक्स की ढलान नाद की दिशा में हो तथा उसी दिशा से पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो। इसका लाभ यह होगा कि पानी आदि छलकने पर या नाद की सफाई करने पर पूरा फर्श गीला नहीं होगा, पड़ी हुयी घास

गीली नहीं होगी, घोड़े का सुम बार–बार गीला होकर सड़ेगा नहीं।

- प्रवेश द्वार पर अडगड़ा लगाने व बाक्स में अश्व को बांधने हेतु छल्ले लगाये गये हों।
- प्रत्येक बाक्स में हवा के लिये एक पंखा एवं एक प्रकाश बिन्दु हो तथा वायरिंग अण्डरग्राउण्ड हो।
- पानी के लिये अश्वशाला में आवश्यकतानुसार एक अथवा दो चरही हो।
- अश्वशाला में पानी की आपूर्ति हेतु अपना नलकूप एवं आवश्यकतानुसार पाइप लाइन हो। ckDl e fufeZr ukn d Åij ,d okVj Vi Hkh yxk;k tk ldrk g rkfd ikuh yku y tku dh vko';drk u jg tk;A

## Qk;fjx jUt dk ekud

पुलिस बल के अभ्यास फायरिंग हेतु सामान्यतः निम्न प्रकार की फायरिंग रेन्ज का निर्माण किया जाता हैः–

(1) साधारण (मिनी) फायरिंग रेन्ज

(2) लाँग फायरिंग रेन्ज

(3) इण्डोर फायरिंग रेन्ज

(4) बैफल फायरिंग रेन्ज

उक्त चारों प्रकार की फायरिंग रेन्ज के मानक संलग्नक–2.3, 2.4, 2.4.1, 2.4.2 व 2.5 पर हैं।

## dk;ky;k gsrq vif{kr Hkfe dk ekud

शासनादेश संख्याः सी–2299/दस–एच–639–61, दिनांक 30.07.65 के अनुसार कार्यालय हेतु अपेक्षित भूमि का मानक निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ श्रेणी | अलग से स्थान नहीं चाहिए |
| | दफ्तरी | 20 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |
| 2 | लिपिक | 40 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |
| 3 | लेखाकार,कैशियर,वरिष्ठ सहायक, कार्यालय अधीक्षक, सहायक कार्यालय अधीक्षक, सचिवालय के कार्यालय अधीक्षक, निरीक्षक तथा तकनीकी | 60 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |

| | | |
|---|---|---|
| | स्टाफ | |
| 4— | राजपत्रित अधिकारी,श्रेणी—2 के अधिकारी और अनुसचिव प्रशासन | 150 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |
| | श्रेणी—1 के अधिकारी (विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त) क्षेत्रीय उप निदेशक, अधीक्षण अभियन्ता, उप/ संयुक्त विकास आयुक्त तथा उप संयुक्त सचिव को सम्मिलित करते हुये | 200 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |
| 5— | विभागाध्यक्ष, अतिरिक्त विभागाध्यक्ष, सचिव/ अतिरिक्त सचिव शासन | 300 वर्गफुट प्रति व्यक्ति |
| 6— | लिपिक | 40 से 60 वर्गफुट |
| 7— | अधिकारियों के लिये अटैच्ड बाथरूम | 50 वर्गफुट |
| 8— | स्टाफ के लिये बाथरूम | 1 डब्लू—सी (40 व्यक्तियों हेतु) |
| 9— | स्टाफ हेतु मूत्रालय | 1 (125 व्यक्तियों हेतु) |
| 10— | वाशबेसिन | 1 (26 व्यक्तियों हेतु) |
| 11— | अभिलेख कक्ष | (अ) स्थाई अभिलेख हेतु अवश्यकतानुसार कमरे।<br>(ब) चालू अभिलेख हेतु लिपिक संवर्ग के लिये उपलब्ध जगह का 10 प्रतिशत भाग तथा आलमारी की व्यवस्था हेतु स्थान। |
| 12— | सम्मेलन कक्ष | 500 से 800 वर्गफृट प्रत्येक विभागाध्यक्ष के कार्यालयों हेतु |
| 13— | कैन्टीन | न्यूनतम और अधिकतम 600 वर्गफृट से 1200 वर्गफुट |
| 14— | जलपान कक्ष | न्यूनतम और अधिकतम 600 वर्गफृट से 1200 वर्गफुट |
| 15— | जल कक्ष | 50 वर्गफुट |

| | | |
|---|---|---|
| 16– | साइकिल शेड | 8 वर्गफुट प्रति साइकिल |
| 17– | कार शेड | 180 वर्गफीट (राजपत्रित अधिकारियों की संख्या का 50 प्रतिशत) |
| 18– | पोर्टिको | 8 फुट चौड़ा |
| 19– | बरामदा | 10 फुट मात्र एक तरफ चौड़ा |
| 20– | पुस्तकालय कक्ष | आवश्यकतानुसार |
| 21– | पूछताछ कक्ष | 100 वर्गफुट (भवन में उपलब्ध कराया जायेगा |
| 22– | प्रतीक्षा /आगन्तुक कक्ष | 100 वर्गफुट (भवन में उपलब्ध कराया जायेगा |
| 23– | भविष्य के विस्तार हेतु | 20 प्रतिशत अतिरिक्त स्थान |

## vjktif=r vkoklh; Hkouk gsrq ekud %

(शासनादेश संख्याः– 158/8–7–669/79, दिनांक 28.02.1980 )

(क) निरीक्षक/उप निरीक्षक एवं मिनिस्ट्रियल संवर्ग आवास –100 प्रतिशत।

(ख) हेड कान्स० ना०पु० आवास–100 प्रतिशत।

(ग) हेड कान्स० स०पु० आवास 75 प्रतिशत शेष के लिये बैरिक।

(घ) कान्स० ना०पु०/स०पु० आवास – 50 प्रतिशत शेष के लिये बैरिक।

(ड.) चतुर्थ श्रेणी कर्मियों हेतु आवास– 100 प्रतिशत।

## vkoklk dh J.khokj vueU;rk ,o dlh {k=Qy %

(पुलिस कर्मियो के मूल वेतन के आधार पर)

| आवास की श्रेणी | अनुमन्य पदधारक | कुर्सी क्षेत्रफल | |
|---|---|---|---|
| | | वर्तमान | प्रस्तावित |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| श्रेणी–3 | निरीक्षक एवं उप निरीक्षक एवं समकक्ष | 79 वर्गमीटर | 95 वर्गमीटर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रेणी–2 | ए०एस०आई० (एम)/हेड कान्स० एवं समकक्ष | 57.70 वर्गमीटर | 79 वर्गमीटर |
| श्रेणी–1 (स्पेशल) | कान्स० | 45 वर्गमीटर | 60 वर्गमीटर |
| श्रेणी–1(साधारण) | चतुर्थ श्रेणी | 34.02 वर्गमीटर | |
| बैरिक | हेड कान्स०/कान्स० | 6 वर्गमीटर प्रति व्यक्ति लिविंग एरिया | |

अध्याय–3

# fuek.k

## 3-1&fuek.k gr Hkfe

### 3-1-1&Hkfe dk vkdyu%

पुलिस विभाग में बनने वाले विभिन्न प्रकार के आवासीय/अनावासीय भवनों के अन्तर्गत सम्प्रति नक्सल क्षेत्रों में बनने वाले थानों/चौकियों के प्रशासनिक भवनों का मानकीकरण हो चुका है। सामान्य थाना के प्रशासनिक भवन, रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, साधारण (ग्रामीण) पुलिस चौकी, महिला थाना, बैरिक तथा आवासीय भवनों के अन्तर्गत श्रेणी–1, 2 व 3 के मानकीकरण का प्रकरण शासन में विचाराधीन है। जब तक शासन से मानकीकरण आदेश जारी नहीं होते हैं तब तक इन्हीं मानकों के अनुरूप भूमि का आँकलन किया जाना तथा डी०पी०आर० का बनाया जाना अपेक्षित है। ज्ञातव्य है कि इनके प्रस्ताव शासन को प्रस्तावित मानकीकरण के अनुसार भेजे जा रहे हैं तथा उसी के अनुरूप स्वीकृतियां प्राप्त हो रही हैं। उक्त भवनों के मानकीकरण के प्रस्ताव की छायाप्रतियां संलग्न हैं (lyXud&6 o 7)

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस अधीक्षक आवास, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारियों के आवासीय भवन तथा अन्य अनावासीय भवनों का भी मानकीकरण निकट भविष्य में करा लिया जायेगा। मानकीकरण होने तक ऐसे कार्यालय/आवासों का निर्माण प्रचलित मानचित्रों के अनुसार ही कराया जायेगा। इनके प्रचलित मानचित्रों की छायाप्रतियां भी संलग्न हैं (lyXud&8 l 12)

### 3-1-2& Hkfe dk p;u%

नये निर्माण हेतु भूमि का चयन, पहुँच मार्ग, दूरभाष सुविधा, थाना–चौकी की निकटता तथा बड़ा कस्बा आदि को दृष्टिगत रखते हुए किया जाना चाहिए।

### 3-1-3& fuek.k LFky dk p;u%

उपलब्ध भूमि में कोई निर्माण कार्य प्रस्तावित करते समय भूखण्ड का चयन इस प्रकार किया जाना चाहिए कि इस निर्माण से अनावश्यक भूमि न घिरे। पूर्व से निर्मित भवनों (Existing Buildings) से सामंजस्य बनाकर ही नए भवन बनाये जाने चाहिए। निर्माण का ले–आउट बनाते समय यह ध्यान में रखा जाय कि बची हुयी भूमि आगे के

निर्माण के लिए पर्याप्त हो। न्यूनतम आवश्यक set-off ही छोड़ा जायें। भविष्य में बहुत विस्तार होगा, इसे दृष्टिगत रखते हुए बहुमंजिली योजनायें प्रस्तावित की जायें तथा उसी के अनुसार भूमि का आँकलन किया जाना चाहिए।

## 3-1-4& p|d fyLV %

भूमि के चयन के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–449–2006, दिनांक 04.09.2008 (l|yXud&13) के साथ संलग्न 14 बिन्दुओं की चेक लिस्ट की सूचना भी आगणन गठित करने वाली कार्यदायी संस्था को जनपद/इकाई प्रभारी के हस्ताक्षर से उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित होगा।

**3-1-5&** स्थानीय निकायों द्वारा विकसित की जा रही योजनाओं में फायर स्टेशनों, थानों एवं चौकियों हेतु भूमि/भवन की व्यवस्था किया जाना :

शासनादेश संख्याः 2469/छः–पु०–8–07–33(विविध)/07, दिनांक 24.10.2007 जिसकी छायाप्रति पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–465–2007, दिनांक 14.03. 2008 एवं 29.11.2011 (l|yXud&14 o 14¼1)) द्वारा समस्त जनपद प्रभारियों को भेजी गयी है, के अनुसार स्थानीय निकायों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विकास प्राधिकरणों, आवास विकास प्राधिकरण, यू०पी० एस०आई०डी०सी० आदि की योजनाओं में मानक के अनुरूप अग्नि शमन केन्द्र, थाना एवं चौकी स्थापित करने के लिए इन संस्थानों द्वारा आवासीय/ अनावासीय भवनों को निर्मित कर भूमि एवं भवन गृह विभाग (पुलिस) को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जायें।

## 3-1-6& i|jku@ th.kl&'kh.kl Hkou d| LFkku ij fuek|.k %

यदि किसी भवन का निर्माण पुराने जीर्ण–शीर्ण भवन को निष्प्रयोज्य/ध्वस्त करके उपलब्ध होने वाली भूमि पर कराया जाना है तो नये कार्य का प्रस्ताव भेजने के साथ–साथ पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–886–2007, दिनांक 15.10.2011 (l|yXud&15 o 15¼1½½ द्वारा प्रेषित प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लोक निर्माण अनुभाग के शासनादेश संख्याः 1419ई०जी०/23–5–11–50 (40) ई०जी०/08, दिनांक 26.09.2011 में निहित निर्देशों के अनुरूप ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि नये कार्य की स्वीकृति से पूर्व पुराने जीर्ण–शीर्ण भवन के ध्वस्तीकरण के उपरान्त भूमि अवश्य उपलब्ध हो जाये। उक्त शासनादेश के अनुसार पुराने/जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण का निर्णय लेने हेतु सीमा एवं सक्षम अधिकारी निम्नवत् हैं

(क) ऐसे भवनों, जो अपनी आयु पूर्ण कर चुके हैं, के ध्वस्तीकरण के लिए उनकी बुक वैल्यू एवं जहाँ अभिलेखों के अभाव में बुक वैल्यू उपलब्ध न हो वहाँ कम्प्यूटेड वैल्यू रु० 5.00 लाख (रु० पाँच लाख) तक है, के

ध्वस्तीकरण के बारे में जिलाधिकारी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

(ख) ऐसे भवन, जिनकी बुक वैल्यू एवं जहाँ अभिलेखों के अभाव में बुक वैल्यू उपलब्ध न हो वहाँ कम्प्यूटेड वैल्यू रु० 5.00 लाख (रु० पाँच लाख) से अधिक एवं रु० 10.00 लाख (रु० दस लाख) तक है, के ध्वस्तीकरण के बारे में विभागाध्यक्ष द्वारा निर्णय लिया जायेगा। पुलिस विभाग के भवनों के बारे में विभागाध्यक्ष का आशय उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से है।

(ग) इससे ऊपर की बुक वैल्यू/कम्प्यूटेड वैल्यू के प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे।

## 3-2& dk;Znk;h lLFkk dk p;u %

कार्यदायी संस्था का चयन शासनादेश संख्या–ई०–8–215/दस/1998 दिनांक 09.03.1998 एवं शासनादेश सं० ई–8–303/दस–06–89/2004, दि० 02.03.2006 में निहित निर्देशों के अधीन शासन/पुलिस मुख्यालय स्तर से किया जायेगा। (संलग्नक–3.2.1, 3.2.2)

## 3-3& y&vkmV Iyku %

शासन अथवा पुलिस मुख्यालय स्तर से कार्यदायी संस्था का चयन होने के उपरान्त नामित कार्यदायी संस्था द्वारा स्थलीय निरीक्षणोपरान्त "ले–आउट प्लान" तैयार करके जनपद/इकाई प्रभारी को अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। इसका अनुमोदन करने से पूर्व जनपद/इकाई प्रभारी यह अवश्य देखें कि वह मानक के अनुरूप है अथवा नहीं और भवनों/निर्माण की जो पारस्परिक अवस्थिति हैं, उससे भवनों के उपयोग में कोई बाधा तो नहीं आयेगी। भूमि की बरबादी न होने पाये। वर्षा जल निकासी एवं पहुँच को ध्यान में रखा जाये। साथ ही पूरे भूखण्ड में बने हुए एवं भविष्य में बनने वाले भवनों को दृष्टिगत रखते हुए ही ले–आउट प्लान अनुमोदित किया जाये।

## 3-4& Mhåihåvkjå **(Detailed Project Report) :**

ले–आउट प्लान कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था द्वारा डी०पी०आर० तैयार किया जायेगा। कार्यदायी संस्था निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु वांछित समय का आँकलन भी प्रस्तुत करेगी। समय का आँकलन डी० पी० आर० के साथ संलग्न किया जायेगा। डी० पी० आर० तैयार करने की प्रक्रिया में कार्यालयाध्यक्ष का परामर्श अवश्य लिया जाये। डी० पी० आर० तैयार करते समय "नेशनल बिल्डिंग कोड" एवं "आई० एस० कोड" के प्रावधानों का पालन अवश्य किया जायेगा। डिजाइन भूकम्परोधी रखी जाना चाहिए। डी०पी०आर० तैयार करने से पूर्व

अग्निशमन विभाग का परामर्श प्राप्त करके उनके सुझावों को शामिल किया जाना चाहिए।

डी०पी०आर० में मिट्टी भराई, विशिष्ट नींव (Piles/Raft etc.), जलापूर्ति, जल–मल शोधन तथा विद्युत व्यवस्था के सम्बन्ध में भी प्रावधान सम्मिलित किये जाने चाहिए। मिट्टी भराई की स्थिति में जिला स्तरीय समिति की संस्तुति के अनुसार कन्टूर प्लान (Contour Plan) तथा विशिष्ट नींव की स्थिति में मृदा परीक्षण आख्या ( Soil Testing Report) अवश्य संलग्न की जानी चाहिए।

### 3-4-1& t y 0;oLFkk %

जनशक्ति को देखते हुए आवश्यकतानुसार ओवर हैड टैंक, ट्यूबवेल, जल वितरण प्रणाली, पम्प हाउस एवं हैण्ड पम्पों का प्रावधान किया जाना चाहिए।

### 3-4-2& fo|qr 0;oLFkk %

विद्युत व्यवस्था हेतु ट्रांसफार्मर की क्षमता का आँकलन तथा नलकूपों के विद्युत भार की गणना विद्युत विभाग से कराकर वांछित लोड का प्रावधान डी०पी०आर० में होना चाहिए।

अनावासीय परिसर तथा पारिवारिक आवासीय परिसर के कनेक्शन एवं मीटर अलग–अलग होने चाहिए। प्रत्येक आवास में सबमीटर होना चाहिए। बैरक की विद्युत व्यवस्था अनावासीय कनेक्शन से होगी। स्ट्रीट लाइट व ट्यूबवेल आदि के मीटर भी अलग–अलग होना चाहिए। संक्षेप में आशय यह है कि जितने तरह की "विद्युत टैरिफ" विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा प्रावधानित हो, उतने ही कनेक्शन एवं मीटर होने चाहिए। इसकी स्पष्ट व्यवस्था डी०पी०आर० में रखी जाय।

### 3-4-3& lhoj 0;oLFkk %

परिसर की "सीवेज" को स्थानीय सीवर प्रणाली में जोड़ने का प्रावधान अवश्य किया जाना चाहिए। यदि उस स्थान में सीवर प्रणाली न हो तो परिसर में सीवर लाइन डालकर मल शोधन हेतु एक केन्द्रीय व्यवस्था की जानी चाहिये। इसके लिये वैकल्पिक उर्जा विभाग द्वारा तैयार मल शोधन योजना प्रणाली का प्रावधान किया जा सकता है।

### 3-4-4& lM+d 0;oLFkk %

भवनों एवं परिसर को आन्तरिक एवं बाह्य यातायात से जोड़ने वाली सड़कों का प्रावधान डी०पी०आर० में होना चाहिए।

**3-4-5&**इस प्रकार तैयार की गयी डी०पी०आर० निर्माण संस्था द्वारा सम्बन्धित जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष को उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यालयाध्यक्ष स्वयं

उसका अध्ययन करके पुलिस मुख्यालय को भेजेंगे। पुलिस मुख्यालय की अभियंत्रण शाखा द्वारा इसका तकनीकी परीक्षण किया जायेगा। परीक्षणोपरान्त डी०पी०आर०, स्वीकृति हेतु शासन को भेजी जायेगी।

**3-4-6&**कार्य की स्वीकृति निर्गत होते ही कार्यदायी संस्था द्वारा स्वीकृत आगणन की प्रति शासन से प्राप्त कर पुलिस मुख्यालय/जनपद/इकाई प्रभारी को उपलब्ध करायी जायेगी। स्वीकृत आगणन में शासन स्तर पर किसी "आइटम" की कटौती किये जाने पर कार्यदायी संस्था द्वारा "ले–आउट" प्लान परिवर्तित एवं इसे जनपद/इकाई प्रभारी से अनुमोदित कराकर पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा और तदनुसार ही विस्तृत आगणन बनाये जायेंगे।

## 3-5& fuek.k bdkbl ls vuqcU/k@foLrr vkx.ku o Mkbx miyC/k djk;k tkuk%

शासन से स्वीकृति प्राप्त होने पर पुलिस मुख्यालय तथा कार्यदायी संस्था के मध्य एम०ओ०यू० (अनुबन्ध) किया जायेगा। एम०ओ०यू० निर्धारित प्रारूप (lyXud&16) में रु० एक सौ के जनरल स्टैम्प पेपर पर टंकित कराकर निर्माण इकाई द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। पुलिस विभाग की ओर से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर अधिशासी अभियन्ता, पुलिस मुख्यालय द्वारा किये जायेंगे। तत्पश्चात् निर्माण एजेन्सी को स्वीकृत धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–6 के प्रस्तर–375 एवं 318 के अनुसार निर्माण इकाई द्वारा निर्माण कार्य का विस्तृत आगणन एवं मानचित्र तैयार करके कार्यालयाध्यक्ष के प्रतिहस्ताक्षर कराये जायेंगे। तदोपरान्त सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करके कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। इस प्रकार प्रतिहस्ताक्षरित एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त विस्तृत आगणन एवं ड्राइंग की प्रति निर्माण इकाई द्वारा कार्यालयाध्यक्ष एवं पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी। इन्हें स्थायी अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखा जायेगा।

शासन द्वारा स्वीकृत आगणन में एकमुश्त प्रावधानों (Lump-sum provisions) की आइटमवार विस्तृत सूची, तकनीकी विशिष्टियों तथा मूल्य सहित उपलब्ध करायी जायेगी। अगर इनका ले–आउट एवं क्षमता डी०पी०आर० के समय तय न हुई हो तो संबन्धित कार्यालयाध्यक्ष के अनुमोदन से इसे तय किया जाये। इसका उल्लेख विस्तृत सूची/विवरण में किया जाये।

## 3-6& fuek.k ds lEcU/k esa fofHkUu laLFkkvksa ls vukifRr Áek.k&i= ÁkIr fd;k tkuk%

निर्माण के सम्बन्ध में स्थानीय निकाय/विकास प्राधिकरण से मानचित्र पास

कराने, पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का दायित्व कार्यदायी संस्था का होगा।

## 3-6-1& lk;kioj.k fo"k;d vukifRr Áek.k&i= %

जहाँ आवश्यक हो, भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ इनवायरमेंट एण्ड फारेस्ट के द्वारा इनवायरमेंट प्रोटेक्शन रूल 1986 के नियम–5 के उप नियम–3 के अन्तर्गत जारी अधिसूचना सं०– एस०ओ० 1533, दिनांक 14.09.2006 के अनुसार ई०आर०ए० (Environment Regulatary Authority) कमेटी से नियमानुसार निर्माण पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करके पुलिस विभाग के भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इसका प्रावधान डी०पी०आर० में किया जायेगा। प्रमाण–पत्र मूलरूप में जनपद/इकाई प्रभारी को उपलब्ध कराया जायेगा। यह दायित्व निर्माण संस्था का होगा।

## 3-6-2& Án"k.k fu;=.k ckMl l vukifRr Áek.k&i= %

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अन्तर्गत, जहाँ आवश्यक हो, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण–पत्र पहले प्राप्त करके पुलिस विभाग के भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना चाहिये। यह दायित्व निर्माण संस्था का होगा।

## 3-6-3& fodkl Ákf/kdj.k l ekufp= ikl djkuk %

पुलिस विभाग के भवनों के प्लान एवं मानचित्रों को विकास प्राधिकरण से अनुमोदित कराकर भवन का निर्माण कराया जाना चाहिए। प्लान एवं मानचित्रों को विकास प्राधिकरण से अनुमोदित कराना निर्माण संस्था का दायित्व होगा।

## 3-6-4& vfXu'keu lj{kk dk Áek.k i= %

उ० प्र० अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम 2005 का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु डी०पी०आर० में प्रावधान किया जाना चाहिए। यह दायित्व भी निर्माण संस्था का होगा।

## 3-7& Hkouk d yfoy dk fu/kkj.k %

3.7.1 आस–पास की भूमि का स्तर, वर्षा जल का भराव, ढलान एवं जल निकासी को ध्यान में रखकर परिसर का भूमि स्तर तय किया जायेगा। यदि भूखण्ड में सामान्यता तेज वर्षा होने पर जल भराव नहीं होता है तो भूखण्ड में मिट्टी भराव की आवश्यकता नहीं होगी। यदि जल भराव होता हो तो जल भराव के

स्तर से 450 मिलीमीटर ऊँचाई तक मिट्टी का भराव पूरे भूखण्ड में किया जायेगा।

3.7.2 भवन का डी०पी०सी० का स्तर भूमि के स्तर (प्राकृतिक या मिट्टी भरने के बाद जो भी अधिक हो) से न्यूनतम 450 मिलीमीटर ऊपर रखा जायेगा।

3.7.3 दीवालों के एप्रेन का स्तर भूमि के स्तर से 100 मिलीमीटर ऊँचा रखा जायेगा।

3.7.4 परिसर के अन्दर सड़कों का स्तर वहाँ की भूमि के स्तर से न्यूनतम 100 मिलीमीटर तथा अधिकतम 150 मिलीमीटर रखा जायेगा।

3.7.5 पूरे भूखण्ड की लेवलिंग करके जल निकासी हेतु खुली नालियों का निर्माण इस प्रकार किया जायेगा कि वे भारी वर्षा में ओवरफ्लो न करें एवं समस्त जल निकल जाये।

## 3-8& ukfy;k %

3.8.1 नालियों का निर्माण अच्छी तरह लेवलिंग करके किया जाये ताकि अन्दर पानी एकत्र न हो। परिसर का ढाल ऐसा रखा जायेगा कि पानी भवनों के एप्रेन के साथ बनी नाली की ओर जाये। दीवारों के किनारे पानी न लगे यह ध्यान में रखा जाये।

3.8.2 नालियों का निर्माण समुचित स्लोप देते हुए इस प्रकार कराया जाना चाहिए कि पानी परिसर से बाहर निकल जाये तथा जल भराव की स्थिति न हो।

3.8.3 नालियों का एक ले–आउट प्लान तैयार किया जाना चाहिए जिसमें स्थान–स्थान पर नाली की चौड़ाई, गहराई एवं लेविल स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये।

## 3-9& Hkouksa ij uke ,oa rduhdh fooj.k vafdr fd;k tkuk %

3.9.1 भवनों के मुख्य गेट के ऊपर भवन/परिसर का नाम अंकित किया जाना चाहिए।

3.9.2 प्रवेश द्वार के समीप भवन की दीवार पर एक पत्थर में भवन की मापें (Dimensions), भवन का कुल क्षेत्रफल, कुल लागत, निर्माण का वर्ष, निर्माण कराने वाली संस्था तथा उनके प्रोजेक्ट प्रभारी अभियन्ता एवं तत्कालीन कार्यालयाध्यक्ष का नाम अंकित किया जाना चाहिए।

## 3-10& dk;l i.kl gkuk ,o Hkou dk gLrxr djuk %

3-10-1 कार्यदायी संस्था द्वारा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त हस्तान्तरण प्रपत्र, इन्वेन्ट्री सहित सम्बन्धित जनपद/इकाई प्रभारी को प्रस्तुत किया जायेगा। भवन के हस्तान्तरण हेतु पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–1061–2006, दिनांक 06.03.2007, 11.02.2008 एवं 02.11.2010 (lyXud&17] 17¼1½] 17¼2)) के अनुसार जनपद/इकाई के प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक,भवन, परिक्षेत्रीय अवर अभियन्ता एवं निर्माण इकाई के अधिशाषी अभियन्ता/सक्षम स्तर के अधिकारी सदस्य रहेंगे। यह समिति वास्तविक निर्माण/इन्वेन्ट्री के अनुसार भवन का कब्जा प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी तथा कब्जा प्राप्त करने की तारीख से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा। बड़े कार्यो में लोक निर्माण विभाग से अनुरोध करके एक सहायक या अवर अभियन्ता को नामित करा लिया जाय, ताकि सही नाप– जोख करके शासन द्वारा स्वीकृत डी०पी०आर० तथा अनुमोदित ले–आउट प्लान के अनुसार कार्य का कब्जा लिया जा सके।

यदि किसी कार्य की नाप–जोख स्वीकृत मापों से कम हो या अन्य कोई कमी हो तो उसे स्पष्ट रूप से अंकित करके ठीक कराया जाय। यदि ठीक न हो सकने वाली कमी हो तो प्रकरण को पुलिस मुख्यालय के संज्ञान में लाया जाय।

3-10-2 Hkou dk fuek.k dk;l i.kl gk tkus ij fuek.k ,tUlh }kjk fuEukuqlkj lyku@MkbXl miyC/k djk;s tk;sxs :–

(1) सीवर पाइप लाइन प्लान एवं उनके चैम्बर, ग्राउण्ड लेबिल से गहराई दिखाते हुए।

(2) सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, यदि हो तो उसकी विशिष्टियाँ एवं ड्राइंग।

(3) ओवर हेड टैंक, ट्यूबवेल एवं हैण्ड पम्प की लोकेशन दिखाते हुए जलापूर्ति पाइप लाइन की ड्राइंग। इसमें पाइप लाइन का व्यास भी दिखाया जाय। जंक्शन/स्लूइस वाल्व इत्यादि की लोकेशन भी मार्क की जाय। ट्यूबवेल्स में लगे हुए पम्पों की क्षमता तथा उनका तकनीकी विवरण अंकित किया जाये।

(4) परिसर में विद्युत लाइनों/सब स्टेशन की प्लान ड्राइंग–वोल्टेज सर्किट (ओवर हेड/अण्डर ग्राउण्ड) दर्शाते हुए।

(5) परिसर की लेबिल अंकित करते हुए प्लान ड्राइंग जिसमें बरसात के पानी की निकासी की नालियाँ मय लेबिल के मार्क हों।

(6) जेनरेटरों को स्थापित किये जाने हेतु लोकेशन एवं कनेक्शन हेतु सर्किट लाइन की ड्राइंग।

(7) कार्यालय भवनों में इण्टर काम लाइनों की ड्राइंग।

(8) सभी भवनों, सड़कों एवं अन्य निर्माण को प्रदर्शित करते हुए टू–द–स्केल अन्तिम ले–आउट प्लान, जैसाकि हस्तगत किया गया हो।

## 3-11& fuekZ.k dk;kZsa dh pSfdax djuk %

निर्माणाधीन भवनों के विभागीय स्तर पर निरीक्षणों के समय यह पाया गया है कि अनेक निर्माण स्थलों पर भवन निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, विशेषकर अत्यन्त खराब ईटों का प्रयोग किया जाता है। निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों को निर्धारित मानक तथा अपेक्षित गुणवत्ता के अनुरूप रखे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जनपद/इकाई प्रभारी द्वारा मुख्य रूप से निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए :–

## 3-11-1& fpukbZ dk;Z %

दीवालों की चिनाई वार्टिकल व होरिजेनटल में सीधे होनी चाहिए। ज्वाइन्ट्स में मसाला ठीक तरह से भरा एवं ठंसा होना चाहिए। खोखली जगहें/ छेद न रहें। मसाला ढीला न हो, ठोस हो। ईट के वर्टिकल ज्वाइन्ट्स एक सीध में नहीं होने चाहिए। सीमेंट मोर्टर (मसाले) से किये गये चिनाई कार्य की पूरी तराई की जानी चाहिए।

## 3-11-2& IykLVj %

प्लास्टर ऊँचा–नीचा न हो और सतह चिकनी होनी चाहिए। प्लास्टर करने के एक दिन पश्चात तराई का कार्य शुरू करना चाहिए और खूब तराई कराई जानी चाहिए।

## 3-11-3& vkjå lhå lhå dk;Z %

आर०सी०सी० कालम/बीम/छत/लिन्टल इत्यादि की ढलाई इस प्रकार होनी चाहिए कि शटरिंग खोलने पर उसकी धार–कोर ठीक हो, सरिया दिखाई न दे और सतह पर छेद (हनी–काम्ब) न हों। बिना प्लास्टर के सतह चिकनी होनी चाहिए। तराई पूरी होनी चाहिए। हनी–काम्बिंग वाली बीम/कालम/छत/ लिंटल स्वीकार न किये जायें।

## 3-11-4& ykgs dk dk;Z %

लोहे के गेट व रेलिंग आदि की बेल्डिंग ठीक तरह से एवं उपलब्ध

सतह/लाइन पर पूरी की जानी चाहिए। उसके ऊपर प्राइमर कोट करने के बाद ही पेटिंग की जानी चाहिए।

## 3-11-5& fo|rhdj.k dk;l %

विद्युतीकरण सम्बन्धी कार्यो में ख्यातिप्राप्त उच्च गुणवत्ता वाली B.I.S. ; (ब्युरो आफ इण्डियन स्टैण्डर्ड) मानक युक्त विद्युत सामग्री/उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

## 3-12& lkekU; %

3.12.1 भूमि में पाइप व केबिल पर्याप्त गहराई में डाले जाना चाहिए, जिससे वाहन आदि चलने पर उखड़ या क्षतिग्रस्त न हो सकें।

3.12.2 दीवालों के एप्रेन भूमि के लेबिल 100 मिलीमी० ऊपर होने चाहिए, नीचे कदापि नहीं होने चाहिए। नीचे होने पर उसका उद्देश्य ही पूरा नहीं होगा।

3.12.3 दरवाजों व खिड़कियों के ऊपर बनाये जाने वाले Sunshede (बरसाती) को दीवार से ढालनुमा बनाया जाये। इसका ढाल दीवार से 120 डिग्री रखा जाये, ताकि बरसात का पानी, धूल व कूड़ा–करकट आदि बरसाती पर इकट्ठा न हो सके।

## 3-13& fo'k"k %

3.13.1 थानों/चौकियों के प्रचलित निर्माण कार्यो का निरीक्षण थाना प्रभारी तथा पुलिस लाइन/मुख्यालय में प्रचलित निर्माण कार्यो का निरीक्षण प्रतिसार निरीक्षक द्वारा प्रतिदिन किया जाना चाहिए। इकाइयों में प्रचलित निर्माण कार्यो का निरीक्षण इकाई के किसी नामित अधिकारी द्वारा प्रतिदिन किया जाना चाहिए। क्षेत्राधिकारी जब भी क्षेत्र में जायें तो निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण अवश्य करें। यथासम्भव यह निरीक्षण सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य करें।

3.13.2 निरीक्षण निर्माण इकाई के स्थाल प्रभारी के साथ किया जाना चाहिए, ताकि वे कमियों को दूर कर सकें।

3.13.3 थाना प्रभारी/प्रतिसार निरीक्षक/क्षेत्राधिकारी/कार्यालय प्रभारी अपनी रिपोर्ट, निरीक्षण पुस्तिका में अंकित करेंगे तथा अपनी निरीक्षण रिपोर्ट जनपद/इकाई प्रभारी को भेजेंगे। कोई विशेष बात होने की स्थिति में जनपद/इकाई प्रभारी द्वारा पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा।

3.13.4 जनपद प्रभारी भी निर्माण कार्य का निरीक्षण 02 माह में एक बार अवश्य करेंगे तथा अपनी रिपोर्ट मासिक प्रगति आख्या अपने परिक्षेत्रीय पुलिस

महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक के माध्यम से आगामी माह की 10 तारीख तक पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–907–2010, दिनांक 07.09.2010 (l;yXud&18) के साथ प्रेषित प्रारूप में पुलिस मुख्यालय को अवश्य उपलब्ध करायेंगे।

इसी प्रकार सेनानायकों व अन्य इकाई प्रभारियों द्वारा अपनी इकाइयों के निर्माण कार्यो का निरीक्षण माह में एक बार अवश्य किया जायेगा तथा अपनी रिपोर्ट/मासिक प्रगति आख्या अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आगामी माह की 10 तारीख तक पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः ग्यारह–907–2010, दिनांक 07.09.2010 (l;yXud&19) के साथ प्रेषित प्रारूप में पुलिस मुख्यालय को अवश्य उपलब्ध करायेंगे।

## 3-14& ey fuekZ.k dk;Z%

आय–व्ययक प्रावधान के अन्तर्गत प्रत्येक मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को रु० 20.00 लाख तक (रु० 5.00 लाख से अधिक के कार्य राजकीय कार्यदायी विभाग/निर्माण एजेन्सी से कराये जायेंगे), अन्य कार्यालयाध्यक्ष को रु० 2.00 लाख तक तथा विभागाध्यक्ष को रु० 20.00 लाख की सीमा तक अधिकार प्रदान किये गये हैं। ज्ञातव्य है कि मूल कार्यो के लिए सम्बन्धित मद में सीमित अनुदान प्राप्त होता है। मूल (लघु/छोटे) कार्यो हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–292 से 297 में निहित प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में निम्नवत कार्यवाही अपेक्षित है:–

3.14.1 मूल निर्माण कार्यो के लिए अनुदान का आबंटन नहीं किया जायेगा, अपितु इकाई/जनपदवार धनराशि निर्दिष्ट की जायेगी, जिसके सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो की प्राथमिकता क्रम में सूची सर्वप्रथम परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक तथा सम्बन्धित विभागाध्यक्ष से वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में अनुमोदित कराकर पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी। इस सूची में कार्य का नाम, स्थान तथा भवन का कुल प्लिंथ एरिया (कुर्सी क्षेत्रफल) तथा अनुमानित लागत दी जायेगी। बाउण्ड्रीवाल के कार्य में लम्बाई x चौड़ाई x ऊँचाई दर्शायी जायेगी। इसी प्रकार सड़क के निर्माण कार्य में लम्बाई x चौड़ाई के साथ–साथ निर्माण का प्रकार जैसे–बिटुमिन, सी.सी. रोड, खड़न्जा आदि दर्शाया जायेगा।

3.14.2 पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी से भिन्न अन्य कार्यालयाध्यक्षों द्वारा रु० 2.00 लाख (रु० दो लाख) तक के मूल कार्यो के लिए आगणनों का गठन विभागीय सहायक/अवर अभियन्ता

के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा, जो परीक्षण तथा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय को भेजे जायेंगे। पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत होने पर कार्यालयाध्यक्ष द्वारा नियमानुसार कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

3.14.3 पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी द्वारा रु० 5.00 लाख (रु० पाँच लाख) तक के कार्यो के लिए आगणनों का गठन विभागीय सहायक/ अवर अभियन्ता के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा। इसका परीक्षण लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा किया जायेगा। तद्नुसार पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद प्रभारी द्वारा आगणन स्वीकृत करके कार्य पुलिस आवास निगम या किसी राजकीय कार्यदायी विभाग/ निर्माण एजेन्सी से कराये जायेंगे। उनके द्वारा कार्य न किये जा सकने की स्थिति में अनुमोदित ठेकेदारों से कराये जायेंगे।

3.14.4 रु० 5.00 लाख (रु० पाँच लाख) से अधिक तथा रु० 20.00 लाख (रु० बीस लाख) तक के कार्यो के लिए आगणनों का गठन पुलिस आवास निगम द्वारा कराया जायेगा, जो परीक्षण तथा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय भेजे जायेंगे। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत होने पर ऐसे कार्य पुलिस आवास निगम द्वारा सम्पादित कराये जायेंगे।

ukV:– (1) मूल निर्माण कार्यो के अन्तर्गत छोटे–छोटे कमरे/निर्माण करके भूमि की बरबादी नहीं की जानी चाहिए अपितु अत्यन्त आवश्यक होने पर ही विद्यमान भवनों से सामन्जस्य बनाते हुए मूल कार्य कराये जाने चाहिए।

(2) विद्युत व्यवस्था यथा– लाइट फिटिंग, पंखा व अन्य विद्युत सामग्री के लिए भी प्रावधान मूल कार्यो के आगणनों में किया जायेगा।

## 3-15& fo|rhdj.k dk;l %

आय–व्ययक प्रावधान के अन्तर्गत प्रत्येक मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को रु० 1.00 लाख तक, अन्य कार्यालयाध्यक्ष को रु० 50,000/– तक, विभागाध्यक्ष को रु० 2.50 लाख की सीमा तक तथा प्रशासनिक विभाग को पूर्ण अधिकार प्रदान किये गये हैं। इस सम्बन्ध में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–277 व 277ए में निहित प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में निम्नवत कार्यवाही अपेक्षित है :–

3.15.1 सर्वप्रथम जनपदों में कराये जाने वाले कार्यो की सूची परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक से तथा इकाइयों में कराये जाने वाले कार्यो की सूची सम्बन्धित विभागाध्यक्ष से वित्तीय वर्ष से पूर्व अनुमोदित करायी जायेगी, जिसकी प्रति पुलिस मुख्यालय को भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस सूची में कार्य का स्थान/ संक्षिप्त विवरण तथा अनुमानित लागत दी जायेगी।

3.15.2 जनपदों में रु० 1,00,000/– (रु० एक लाख) की सीमा तक कराये जाने वाले कार्यो के लिए आगणनों का गठन लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिक खण्ड के सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा किया जायेगा, जो परीक्षण हेतु पुलिस मुख्यालय भेजे जायेंगे। तदोपरान्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद द्वारा प्रदान की जायेगी एवं उन्हीं के द्वारा नियमानुसार कार्य सम्पादित कराया जायेगा, वशर्ते बजट उपलब्ध हो।

3.15.3 जनपदों को छोड़कर इकाइयों में रु० 50,000/– (रु० पचास हजार) की सीमा तक के कार्यो के लिए आगणनों का गठन लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिक खण्ड के सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा किया जायेगा, जिनका परीक्षण लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा। तदोपरान्त आगणनों की स्वीकृति कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रदान की जायेगी तथा उन्हीं के द्वारा लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिक खण्ड द्वारा अनुमोदित ठेकेदारों के माध्यम से नियमानुसार कार्य सम्पादित कराया जायेगा, बशर्ते बजट उपलब्ध हो।

3.15.4 रु० 2,50,000/– (रु० दो लाख पचास हजार) तक के कार्यो के लिए आगणनों का गठन पुलिस आवास निगम या लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिक खण्ड के सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा किया जायेगा, जो परीक्षण तथा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय भेजे जायेंगे। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत होने पर जनपद प्रभारी/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा नियमानुसार कार्य सम्पादित कराया जायेगा, वशर्ते बजट उपलब्ध हो।

3.15.5 रु० 2,50,000/– (रु० दो लाख पचास हजार) से अधिक के कार्यो के आगणनों का गठन पुलिस आवास निगम द्वारा किया जायेगा, जिनका परीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर पर किया जायेगा तथा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन के प्रशासनिक विभाग को भेजे जायेंगे। शासन से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत होने पर पुलिस आवास निगम अथवा शासन द्वारा निर्धारित कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

3.15.6 विद्युतीकरण/पुनः विद्युतीकरण कार्यों के लिये जनपद प्रभारियों द्वारा रु० 1.00 लाख तथा अन्य कार्यालयाध्यक्षों द्वारा रु० 50,000/– से अधिक के आगणन पुलिस मुख्यालय भेजे जायेंगे। रु० 1.00 लाख से अधिक के कार्य यथासम्भव पुलिस आवास निगम से कराये जायेंगे। उनके द्वारा न किये जाने सकने की स्थिति में लो०नि०वि० के विद्युत/यांत्रिक खण्ड, अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग या अनुमोदित ठेकेदारों से कराये जायेंगे।

अध्याय–4

# i|fyl foHkkx d vkoklh; ,o vukoklh; Hkouk dk fo'k"k ejEer@vu|j{k.k

## 4-1&ÁLrkouk %

भवनों के निर्माण के बाद से इन्हें निरन्तर अच्छा एवं उपयोगी बनाये रखने का दायित्व सम्बन्धित विभाग का है, जिसे अनुरक्षण/मरम्मत के नाम से परिभाषित किया गया है। यह कार्य भवनों के निर्माण कार्य की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है।

## 4-2& fo'k"k @lkekU; ejEer gr| okf"kd dy.Mj

जनपदों/ इकाइयों में वर्ष के दौरान कराये जाने वाले सामान्य/ विशेष मरम्मत कार्यो के लिए एक कैलेण्डर बनाया जाना चाहिए। इसमें माह अप्रैल के प्रारम्भ में भवनों का निरीक्षण करके एक सूची बनायी जानी चाहिए, 15 जून से पहले प्री–मानसून मरम्मत/ अनुरक्षण करा लेना चाहिए। मानसून के दौरान प्रत्येक माह चेकिंग करायी जानी चाहिए और छतों की लीकेज तथा सीवर व नाली आदि चोक होने की जानकारी करके उसका तत्काल निराकरण कराया जाना चाहिए। इसी प्रकार पोस्ट मानसून मरम्मत के बारे में भी बरसात समाप्त होने के तुरन्त बाद विस्तृत निरीक्षण कराकर भवनों की मरम्मत की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। जनवरी तथा फरवरी के महीनों में कराये जा रहे कार्यो को चेक करने तथा भुगतान की कार्यवाही की जानी चाहिए।

इस सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय स्तर पर तैयार किया गया वार्षिक कैलेण्डर lyXud&20 पर है।

## 4-3&foRrh; gLr i|fLrdk [k.M&5] Hkkx&1 d ÁLrj&262 d vu|lkj ßejEer ,o j[k&j[kko dh ifjHkk"kkÞ

भवनों एवं अन्य निर्माण कार्यो के साधारण उपयोग की दशा में सही स्थिति रखने के लिए समस्त कार्य एवं प्रक्रियायें मरम्मत एवं रख–रखाव है। वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–270 से 291 में मरम्मत एवं रख–रखाव के कार्यो हेतु विस्तार से नियम अंकित हैं। प्रस्तर–292 से 296 के मध्य छुद्रमूल कार्य के विषय में निर्देश अंकित हैं। प्रस्तर–307 द्वारा एक मुश्त अनुबन्ध (Lump sum Contract), प्रस्तर–308 से 315 में लेखा तथा भुगतान के नियम तथा भवनों के किराया निर्धारण के

नियम “micU/k&, rFkk chp में परिभाषित हैं, जिनका अनुपालन आवश्यक है।

## 4-4&Hkouksa ds vuqj{k.k ds dk;ksZa dk fuEuor~ oxhZÑr fd;k x;k g%

3.1 सामान्य अनुरक्षण

3.2 विशेष अनुरक्षण

## 3-3-1&foRrh; gLr iqfLrdk [k.M&5 Hkkx&1 ÁLrj 270 ds vuqlkj%

| ejEer ds dk;Z dk oxhZdj.k | dk;ksZa dk fooj.k | vkoklh; Hkou | vukoklh; Hkou |
|---|---|---|---|
| 1– वार्षिक मरम्मत | सफेदी का कार्य<br>डिस्टेम्परिंग कार्य<br>लीक करती छतों के मरम्मत का कार्य | हाँ | हाँ |
| 2–चतुर्वार्षिक मरम्मत | दरवाजों एवं खिड़कियों की वार्निशिंग एवं पेटिंग सड़कों की मरम्मत (नवीनीकरण) | हाँ | इन भवनों की विशेष मरम्मत में (2) एवं (3) के कार्य एक शीर्षक में समाहित है। |
| 3– विशेष मरम्मत | ऐसी प्रकृति के मरम्मत कार्य जिनकी समय के आधार पर कोई नियत आवृत्ति नहीं है।<br>जैसे– संरचनात्मक नवीनीकरण | हाँ | |

## 4-3-2&foRrh; gLr iqfLrdk [k.M&5] Hkkx&1 ds ÁLrj 270 ¼ii½ dh fVIi.kh ds vuqlkj

आवासीय भवन के परिसर में झाड़ी एवं जंगल सफाई के कार्य का दायित्व अध्यासियों का है। यह कार्य शासकीय व्यय से नहीं किया जायेगा, किन्तु जब भवन खाली हो तो यह कार्य सरकारी व्यय पर कराया जा सकता है।

## 4-3-3&okf"kZd j[k&j[kko %

भवन अनुरक्षण के वृहद आवश्यक कार्य जैसे– ह्वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग, पेन्टिंग का कार्य के साथ–साथ लघु श्रेणी के रख–रखाव कार्य जैसे– क्षतिग्रस्त प्लास्टर के पैच रिपेयर, खिड़कियों–दरवाजों के ग्लास पेन्स को फिक्स करना, लघु मात्रा में क्षतिग्रस्त बिजली वायरिंग का सुधार, स्विचेज साकेट का बदलना, टूटी

टाइल्स की मरम्मत आदि विविध कार्य जो भी दैनिक रख–रखाव की श्रेणी में आते हैं, के लिये वित्तीय अनुदान सामान्य मरम्मत मद (वार्षिक रख–रखाव ) द्वारा उपलब्ध होता है।

वित्तीय वर्ष के प्रारंम्भिक माह में भवनों के वार्षिक रख–रखाव के मद में आवश्यक कार्य की समयबद्ध योजना बनानी चाहिये। वार्षिक रखरखाव के लिये नियत कार्यो की आगणित लागत उ०प्र० शासन द्वारा अनुमन्य दरों एवं लागत की सीमा में होनी चाहिये।

वर्तमान में सामान्य भवन मरम्मत हेतु "प्लिन्थ एरिया" पर आधारित अनुमोदित दर रु० 124/– प्रति वर्गमीटर है, जो उ० प्र० शासन, लोक निर्माण अनुभाग–5, लखनऊ के शासनादेश संख्या–1726 ईजी/23–05–10–50(277) ईजी/04, दिनांक 15 फरवरी 2011 द्वारा जारी है।

समस्त रख–रखाव सम्बन्धी कार्य भवनों की अक्षुण्णता हेतु नियत समयान्तराल पर होने वाले आवश्यक प्रकृति के सामान्य कार्य हैं। सरकारी भवनों में लगाए गए विद्युत उपकरणों की चेकिंग प्रत्येक 03 माह में करायी जानी चाहिए तथा दोषपूर्ण उपकरणों को सरकारी आवासों एवं कार्यालयों में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

नोटः– (1) छतों/छज्जों इत्यादि पर मिट्टी/कूड़ा न जमा होने दिया जाय। इसे हमेशा साफ रखा जाय, खासकर वर्षा से पूर्व एवं बाद में अवश्य साफ कर दिया जाय।

(2) आवासीय/अनावासीय भवनों की छतों, छज्जों, स्नानागार/शौचालयों की खिड़कियाँ इत्यादि जगहों पर घास–फूस एवं पेड़ पौधे प्रायः उग आते हैं, इन्हें वर्षा से पूर्व एवं उसके तुरन्त बाद निकलवाकर सीमेंट से ठीक करा दिया जाय। पुराने पेड़ों को काटकर इनकी जड़ों को ठीक से भवन से निकालकर सीमेंन्ट कर दिया जाय।

## 4-4&Áfrj{kkRed vu|j{k.k %

भवनों के सुरक्षात्मक रख–रखाव के अन्तर्गत पानी के रिसाव/नमी के लिये आवश्यक उपचार किये जाते हैं। भवनों का निरीक्षण मानसून के पहले मार्च–अप्रैल माह में तथा सितम्बर–अक्टूबर माह में मानसून के बाद अवश्य किया जाय। प्रतिसार निरीक्षक/थाना प्रभारी द्वारा शत–प्रतिशत भवनों का निरीक्षण एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा 50 प्रतिशत भवनों का निरीक्षण किया जाना आवश्यक है।

## 4-5&ekulu vku d igy vko';d l|j{kkRed j[k&j[kko

4-5-1 अस्थायी शेड जैसे– ए०सी० सीट की छतें, उनके एल/जे हुक्स, बिटुमिन

वाशर्स, लिम्पेट वाशर्स के सही हालत होने का परीक्षण सहित तत्सम्बन्धी आवश्यक अनुरक्षणीय कार्य का कराया जाना अनिवार्य है।

4.5.2 दरवाजों एवं खिड़कियों के टूटे शीशे तथा लोहे की फिटिंग जैसे– टावर बोल्ट्स, हुक्स एवं अन्य वायु नियन्त्रक संसाधानों को ठीक कराया जाना आवश्यक है। अध्यासियों को निर्देश रहे कि तूफानी मौसम एवं रात्रिकाल में प्रायः दरवाजे एवं खिड़कियाँ बन्द रखें।

4.5.3 भवनों की छतों पर जल जमाव, पानी के रिसाव आदि की सम्भावना को समाप्त करने हेतु छत पर उगी घास–फूस, पेड़–पौधे छत पर जमी मिट्टी, पत्तियों आदि सहित मानसून के पहले छत की सफाई, ड्रेन पाइप व उनके निकास द्वार सभी प्रकार के अवरोध से मुक्त कर लिया जाय। वर्टिकल रेनवाटर पाइप के ढीले क्लैम्प कसवा लिये जायें। छतो एवं छज्जों के ऊपर स्थित क्रेक द्वारा सीपेज के रास्तों को सील कर दिया जाय एवं अन्य आवश्यक कार्य कराये जायें।

4.5.4 भवनों के बाहरी क्षेत्र एवं लान में प्रत्येक स्थान पर जल–जमाव की सम्भावना को समाप्त कराया जाय। जल निकासी की नाली प्रणाली भी साफ करा ली जाय।

4.5.5 सीवर प्रणाली की जाँच कर ली जाय एवं सीवर लाइन की सफाई करा ली जाय, ताकि सीवर सीवेज पम्प आदि में जमा ग्रिट बालू एवं स्लज साफ हो जाय एवं सीवेज का जल प्रवाह निर्बाधित हो जाय।

4.5.6 वर्षा ऋतु में भूमि जल का स्तर उठ जाता है, अतः भूमिगत कुओं एवं pump में भूमि जल स्तर के नीचे स्थित पम्पिंग सेट को अस्थाई तौर पर सुरक्षित तल तक स्थापित कराया जाय। लूज विद्युत वायरिंग को ठीक कराया जाय।

4.5.7 ए०सी० के डि–हयूमीडिफिकेशन सिस्टम्स जैसे– स्ट्रिप हीटर्स/हयूमीडिस्टल की समुचित चैकिंग करायी जाय एवं उनके सही हालत में बना होना सुनिश्चित किया जाय। इस प्रकार के कार्य 15 जून एवं 31 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिये जायें।

## 4-6&foRrh; gLr ifLrdk [k.M&5] Hkkx&1 d ÁLRkj&273 d vuqlkj%

4.6.1 वार्षिक मरम्मत के मद में आबंटन हेतु किसी आगणन के गठन की आवश्यकता नहीं है। यथासम्भव वार्षिक मरम्मत के कार्य प्रतिस्पर्धात्मक निविदा पर आधारित अनुबन्ध द्वारा कराया जाना चाहिए, किन्तु समुचित ठेकेदारों की अनुपलब्धता होने पर विभागीय पद्धति से कराये जा सकते हैं। स्थानीय प्राधिकारी उपरोक्तानुसार अनुबन्ध गठन के फलस्वरूप निर्गत अनुदानों के सापेक्ष बचत एवं आधिक्य की सूचना विभागाध्यक्ष को देंगे।

4.6.2 आवासीय भवनों के चतुर्वार्षिक मरम्मत मद हेतु तथा अनावासीय भवनों के विशेष

मरम्मत मद हेतु आगणन का गठन आवश्यक नहीं है।

4.6.3 आवासीय भवनों के विशेष मरम्मत मद हेतु एवं किसी भवन के संरचनात्मक परिवर्तन/विस्तार हेतु मानचित्र सहित आगणन का गठन आवश्यक है।

भवनों के अनुरक्षण के प्रस्तावों पर स्वीकृति, धनाबंटन एवं भुगतान के नियम वित्तीय पुस्तिका के प्रस्तर–273 से 277 एवं 292 से 315 तथा परिशिष्ट–A to C के मध्य विस्तार से उल्लिखित हैं, जिनका अनुपालन अनिवार्य है।

उक्त दिशा–निर्देशों से पुलिस विभाग के भवनों में कराये जाने वाले अनुरक्षण/मरम्मत सम्बन्धी कार्यो में गुणात्मक सुधार परिलक्षित होगा। अतएव इन दिशा–निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।

शासनादेश संख्याः ए–2–1092/दस–2011–24(7)–95, दिनांक 25.11.2011 द्वारा विभिन्न प्रयोजनों हेतु पूर्व प्रावधानित वित्तीय अधिकारों में की गयी वृद्धि एवं आगणन तैयार करने एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु सक्षम अधिकारियों का विवरण निम्नवत् वृद्धि की गयी है:–

| क्रम | विवरण | वित्तीय सीमा | आगणन तैयार करने हेतु सक्षम इकाई | आगणन के परीक्षण हेतु सक्षम इकाई | प्रशासनिक स्वीकृत हेतु सक्षम अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जनपद/इकाई | रु० 2.00 लाख | –विभागीय सहायक/अवर अभियन्ता –लोक निर्माण विभाग –अन्य निर्माण इकाई | लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा | जनपद प्रभारी |
| | | रु० 2.00 लाख से अधिक | पुलिस आवास निगम द्वारा | लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा | जनपद प्रभारी |
| 2 | जनपद प्रभारी से भिन्न अन्य कार्यालया–ध्यक्ष | रु० 10,000/– | –विभागीय सहायक/अवर अभियन्ता –लोक निर्माण विभाग –अन्य निर्माण इकाई | लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा | सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | जनपद प्रभारी | रु० 25,000/– | – तदैव – | लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा | जनपद प्रभारी |
| | | रु० 50,000/– | – तदैव – | पुलिस मुख्यालय के तकनीकी शाखा द्वारा | विभागाध्यक्ष (पीएचक्यू स्तर से) |
| | | रु० 50,000/– से अधिक | पुलिस आवास निगम द्वारा | पुलिस मुख्यालय के तकनीकी शाखा द्वारा | उत्तर प्रदेश शासन |
| 4 | जनपद प्रभारी | (1) रु० 5.00 लाख तक | विभागीय सहायक/अवर अभियन्ता | लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा | जनपद प्रभारी |
| | | (2) रु० 5.00 लाख से अधिक रु० 20.00 लाख तक | पुलिस आवास निगम | पुलिस मुख्यालय के तकनीकी शाखा द्वारा | पुलिस मुख्यालय |
| 5 | जनपद प्रभारी से भिन्न अन्य कार्यालया–ध्यक्ष | रु० 2.00 लाख तक | –विभागीय सहायक/ अवर अभियन्ता –लोक निर्माण विभाग –अन्य निर्माण इकाई | पुलिस मुख्यालय के तकनीकी शाखा द्वारा | पुलिस मुख्यालय |
| 6 | जनपद/ इकाई | रु० 5.00 लाख से रु० 20.00 लाख तक | पुलिस आवास निगम द्वारा | पुलिस मुख्यालय के तकनीकी शाखा द्वारा | पुलिस मुख्यालय |

## 4-7& fo'k"k ejEer %

उक्त शासनादेश के अनुसार अनावासीय भवनों के लिए वार्षिक बजट की उपलब्धता की सीमा तक कार्यालयाध्यक्ष (स्थानीय अधिकारी) को कतिपय शर्तो के अधीन पूर्ण अधिकार प्रदान किया गया है। अनावासीय भवनों के अन्तर्गत बैरिकों/सड़कों/जलापूर्ति/जल निकासी/ जल–मल उत्सर्जन/उगे पेड़–पौधों को हटाना/टूटे विद्युत खम्भों व अन्य पोल्स को ठीक कराना/ क्षतिग्रस्त एवं टूटे विद्युत संयोजक तार को ठीक कराना, विद्युत आपूर्ति ठीक कराना/ पेय जल आपूर्ति एवं सीवर प्रणाली में हुयी बाधा व क्षति दूर कराना/विद्युत संचार लाइन, अर्थिंग आदि की चेकिग कराकर सही स्थिति में लाना इत्यादि भी आते है। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय बिन्दु

(lyXud&21) पर है।

## fo'k"k ejEer ds lEcU/k esa fuEuor dk;okgh vif{kr gS %&

4.7.1 निर्दिष्ट/आबंटित अनुदान के दृष्टिगत सर्वप्रथम जनपदों में कराये जाने वाले विशेष मरम्मत कार्यो की सूची परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक से तथा इकाइयों में कराये जाने वाले कार्यो की सूची सम्बन्धित इकाई प्रमुख से वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में अनुमोदित करायी जायेगी, जिसकी प्रति पुलिस मुख्यालय को भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस सूची में कार्य का स्थान/संक्षिप्त विवरण तथा अनुमानित लागत दी जायेगी।

## 4-8 vkokfld Hkouksa esa l/kkj rFkk ejEer %&

इसके लिए आय–व्ययक प्रावधान के अन्तर्गत प्रत्येक मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को रु० 25,000/– तक, अन्य कार्यालयाध्यक्ष को रु० 10,000/– तक तथा विभागाध्यक्ष को रु० 50,000/– तक की सीमा तक अधिकार प्रदान किये गये हैं। इस सम्बन्ध में निम्नवत कार्यवाही अपेक्षित है :–

4.8.1 निर्दिष्ट अनुदान के दृष्टिगत सर्वप्रथम जनपदों में कराये कराये जाने वाले कार्यो की सूची परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक से तथा इकाइयों में कराये जाने वाले कार्यो की सूची सम्बन्धित विभागाध्यक्ष से वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में अनुमोदित करायी जायेगी, जिसकी प्रति पुलिस मुख्यालय को भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस सूची में कार्य का स्थान/संक्षिप्त विवरण तथा अनुमानित लागत दी जायेगी।

4.8.2 आवासिक भवनों में विशेष मरम्मत हेतु आगणनों का गठन विभागीय सहायक/अवर अभियन्ता के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग या अन्य राज अभियत्रंण विभागों/निर्माण इकाई के सहायक /अवर अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा, जिनका परीक्षण पुलिस मुख्यालय अथवा लोक निर्माण विभाग के प्रखण्ड अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा। तदोपरान्त कार्य की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जायेगीः–

(1) पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक जनपद प्रभारी– रु० 25000/–

(2) अन्य कार्यालयाध्यक्ष–रु० 10000/–

(3) रु० 25000/– से अधिक– पुलिस मुख्यालय

नोटः– (1) रु० 25000/– से अधिक के आगणन सीधे उ०प्र० पुलिस मुख्यालय भेजे जायेगें। इनका परीक्षण उ०प्र० पुलिस मुख्यालय के अधिशासी अभियन्ता द्वारा किया

जायेगा। इन्हें लोक निर्माण के प्रखण्ड अभियन्ता को नहीं भेजा जायेगा।

(2) रू० 50000/– से अधिक के कार्यो के आगणन उ०प्र० पुलिस मुख्यालय भेजे जायेगें। इनके परीक्षण के पश्चात् शासन की स्वीकृति प्राप्त करके कार्य कराया जायेगा।

## 4-9& lkekU; ejEer

### 4-9-1& lkekU; fcUnq %&

*(1) थानों/पुलिस लाइन्स में बैरकों/मैस, कान्सटेबुल्स/हेड कान्सटेबुल्स के आवासों में किचेन, बालकनी, दरवाजों/खिड़कियों, स्नानागार/शौचालयों आदि की मरम्मत सम्बन्धी कार्य प्रथम वरीयता में कराये जायें। इसके बाद अन्य आवासीय/अनावासीय कार्यों की वरीयता रखी जाये। टाइल्स का कार्य केवल शौचालयों/स्नानागारों में ही कराया जाय।*

*(2) सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम, भवनों में छतों की लीकेज, छतों पर उगी हुयी घास–फूस या पेड़–पौधों को निकवाकर सीमेन्ट से भरे जाने आदि के कार्य अवश्य करा लिये जायें।*

*(3) यह देखने में आया है कि स्नानागार/शौचालयों के दरवाजों में बोर्ड/प्लाई का दरवाजा लगाया जाता है, जो पानी में भीगने से जल्दी खराब हो जाता है। अतः स्नानागार/शौचालयों के दरवाजों में जी०आई० शीट अवश्य लगवायी जाय।*

*(4) जिन आवासीय/अनावासीय भवनों में कार्य कराये जायें, उसे पूर्णरूप से करा लिया जाय।*

*(5) ऐसे वार्षिक मरम्मत के कार्य, जो पहले करा लिये गये हैं, उनके लम्बित दायित्वों का भुगतान सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त करके नियमानुसार पहले किया जाय।*

*(6) थानों में कराये जाने वाले कार्यों को सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस लाइन एवं मुख्यालय के अन्य भवनों में कराये जाने वाले कार्यों को क्षेत्राधिकारी, प्रभारी लाइन की देख–रेख में करायें जायँ, जो दिन–प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यों पर निकट दृष्टि रखते हुये गुणवत्ता के साथ कार्य सम्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।*

*(7) किसी भी भवन में घास–फूस या पेड़–पौधे पाये जाने पर थानाध्यक्ष/प्रतिसार निरीक्षक/प्रभारी अधिकारी, भवन सीधे उत्तरदायी होंगे। उनकी लापरवाही का इससे बड़ा नमूना और नहीं हो सकता।*

*(8) आवंटित अनुदान का व्यय लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्यों हेतु निर्गत शासनादेश के अनुसार किया जाये। साथ ही वित्तीय हस्त पुस्तिका, पुलिस*

*आफिस मैनुअल एवं पुलिस रेगुलेशन में निहित प्रावधानों तथा समय–समय पर शासन/पुलिस मुख्यालय से निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।*

*(9) इस अनुदान के सापेक्ष कराये गये मरम्मत सम्बन्धी कार्यों के बारे में वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा पुलिस आफिस मैनुअल में निहित प्रावधानों के अनुसार आवश्यक अभिलेखीकरण/रजिस्टरों का रख–रखाव सुनिश्चित किया जाय।*

*(10) किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए जनपद प्रभारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आडिट आपत्ति की स्थिति उत्पन्न न हो।*

*(11) पूर्व में जनपदों द्वारा बड़ी संख्या में विशेष मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्यों के आगणन भेजे गये थे, जिन्हें जनपदों को वापस किया जा रहा है। इस आबंटित अनुदान के उपरान्त जिन कार्यों में अधिक धन लगना हो, उनके आगणन गठित कराकर पुलिस मुख्यालय को भेजे जायें। जो सामान्य कार्य करा लिये जायें, उन्हें विशेष मरम्मत में सम्मिलित न किया जाये। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो।*

## 4-9-2& fo'k"k fcUnq&

(1) सर्वप्रथम आवंटित अनुदान के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों का चयन प्राथमिकतानुसार करा लिया जाय। पुलिस लाइन/जनपद मुख्यालय के भवनों में कराये जाने वाले कार्यो का चयन प्रतिसार निरीक्षक एवं प्रभारी राजपत्रित अधिकारी पुलिस लाइन्स अथवा क्षेत्राधिकारी भवन तथा थानों पर कराये जाने वाले कार्यो का चयन थाना प्रभारी एवं सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जाय। rnkijkUr p;fur dk;k dk vuekknu tuin ÁHkkjh }kjk fd;k tk;A

(2) चयनित सूची में कराये जाने वाले कार्यो का आइटमवार विवरण, मापन/मात्रा आदि का उल्लेख किया जाय। कार्य पर व्यय का एक अनुमानित आंकलन भी किया जाना आवश्यक है। इसके लिये कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का consumption निकाल लिया जाय और उसी के आधार पर सामग्री का क्रय किया जाय। कार्य में सामग्री तथा मजदूरी का अनुपात प्रायः 80 (सामग्री) व 20 (मजदूरी) के लगभग होता है, जो आइटम के अनुसार कुछ कम या अधिक हो सकता है। यह कार्य भी प्रतिसार निरीक्षक द्वारा प्रभारी राजपत्रित अधिकारी, पुलिस लाइन्स अथवा क्षेत्राधिकारी भवन तथा थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के निर्देशन/देख–रेख में किया जाय।

(3) सामग्री का क्रय प्रभारी अधिकारी पुलिस लाइन्स/सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी अथवा क्षेत्राधिकारी भवन की देखरेख में किया जाय। सामग्री का क्रय शासनादेश संख्याः ए–1–864/दस–08– 15(1)/96, दिनांक 23.09.2008 मे निहित

प्रावधानित वित्तीय सीमा में (सीधे क्रय, कोटेशन अथवा निविदा के आधार पर) किया जाय।

(4) मस्टर रोल तैयार किये जाने, भुगतान के रख–रखाव, मासिक व्यय का विवरण आदि के सम्बन्ध में वित्तीय हस्त पुस्तिका के प्रावधानित नियमों (Para no. 307A of F.H.B.Volume-V, part-1) का अनुपालन किया जाय।

(5) थानों पर कराये जाने वाले कार्यो की चैकिंग प्रतिदिन सम्बन्धित थाना प्रभारी द्वारा की जाये तथा क्षेत्राधिकारी द्वारा समय–समय पर (सप्ताह में कम से कम एक बार) चैकिंग की जाय। इसी प्रकार पुलिस लाइन्स तथा जनपद मुख्यालय पर कराये जाने वाले कार्यो की चैकिंग प्रतिदिन प्रतिसार निरीक्षक द्वारा की जाय और प्रभारी राजपत्रित अधिकारी, लाइन्स अथवा क्षेत्राधिकारी भवन द्वारा समय–समय पर (सप्ताह में कम से कम एक बार) चैकिंग की जाय। चैकिंग के दौरान यह देखा जाय कि प्रयुक्त होने वाली सामग्री की मात्रा और गुणवत्ता ठीक है तथा व्यय समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

(6) पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद द्वारा भी कार्यों की समय–समय पर चैकिंग के साथ–साथ प्रगति की समीक्षा मासिक गोष्ठी में की जाय।

(7) परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक भी जनपदों की मासिक गोष्ठी में इसकी समीक्षा करते रहें और यदि आवश्यक समझें तो अपने अधीनस्थ जनपदों में कराये जाने वाले कार्यो की क्रास–चैकिंग परिक्षेत्र के अन्य जनपद के अधिकारियों से भी करा लें।

## 4-9-3& fo'k"k

(1) थानों/पुलिस लाइन्स में बैरकों/मैस, कान्सटेबुल्स/हेड कान्सटेबुल्स के आवासों में किचेन, बालकनी, दरवाजों/खिड़कियों, स्नानागार/शौचालयों आदि की मरम्मत सम्बन्धी कार्य प्रथम वरीयता में कराये जायें। इसके बाद अन्य आवासीय/अनावासीय कार्यों की वरीयता रखी जाये। टाइल्स का कार्य केवल शौचालयों/स्नानागारों में ही कराया जाय।

(2) सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम, भवनों में छतों की लीकेज, छतों पर उगी हुयी घास–फूस या पेड़–पौधों को निकवाकर सीमेन्ट से भरे जाने आदि के कार्य अवश्य करा लिये जायें।

(3) स्नानागार/शौचालयों के दरवाजों में बोर्ड/प्लाई का दरवाजा लगाया जाता है, जो पानी में भीगने से जल्दी खराब हो जाता है। अतः स्नानागार/शौचालयों के

दरवाजों में जी०आई० शीट अवश्य लगवायी जाय।

(4) कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता, आबंटित अनुदान का सदुपयोग तथा मितव्ययिता सुनिश्चित कराना आवश्यक है। अतः mDr Øe e ;g Li"V djuk g fd ,ålhåvkjå fy[kr le; ifyl egkfun'kd] må Áå }kjk ^^lkekU; ejEer** ij fd; x; dk;k dh mi;kfxrk o x.koRrk ij fVIi.kh dh tk;xhA bld fy; vij ifyl egkfun'kd] e[;ky; }kjk Áf"kr fVIi.kh dk vk/kkj cuk;k tk;xkA

(5) उक्त के परिप्रेक्ष्य में कार्यवाही की प्रक्रिया निम्नवत् होगीः—

(i) परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों / उप महानिरीक्षकों द्वारा अपने अधीनस्थ जनपद प्रभारियों से जनपद मुख्यालय तथा थानों पर कराये जाने वाले ''सामान्य मरम्मत'' कार्यों की कार्य—योजना प्राप्त की जायेगी।

(ii) परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों / उप महानिरीक्षकों द्वारा सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों की मासिक बैठक में नियमित समीक्षा की जायेगी, ftle bl lEcU/k e le;≤ ij fuxr fun'kk d nf"Vxr dk;k dh x.koRrk rFkk fer0;f;rk lfuf'pr dh tk;xhA

(iii) सामान्य रूप से माह फरवरी, के अन्त तक अथवा मार्च, के प्रथम सप्ताह तक उक्त विषयक कार्य समाप्त हो जाने चाहिये।

(iv) परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकों / उप महानिरीक्षकों द्वारा माह मार्च, के द्वितीय सप्ताह में जनपदों में भ्रमण करके जनपद मुख्यालय तथा 5—7 थानों पर किये गये कार्यों का भौतिक निरीक्षण करके अपनी टिप्पणी अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

(v) उक्त कार्यों का रेण्डम भौतिक निरीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर से भी कराया जायेगा।

अध्याय–5

# Hkwfe ,oa Hkou ds vfHkys[kksa dk j[k&j[kko

foRrh; gLr iqfLrdk [k.M&5 Hkkx&1 ds ÁLrj&265 ¼layXud&22½ ds vuqlkj निम्नलिखित अभिलेख तैयार किये जाने चाहिए तथा उन्हें अद्यावधिक रखना चाहिए:–

## 5-1 vkoklh; Hkou

5.1.1 आवासीय भवनों की लागत राजस्व अभिलेखों में अंकित होना:–

(अ) भवन की भूमि सहित योजना (मानचित्र आदि)।

(ब) वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के अन्तर्गत फार्म नं० 26 (layXud&23) में भूमि का रजिस्टर।

(स) वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड –5 भाग–1 के अन्तर्गत फार्म नं०–28 (layXud&24) में भवन का रजिस्टर।

(द) मानक किराया वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–5 भाग–1 के अध्याय–13 के उपबन्ध– बी के अनुसार तैयार होना चाहिए।

(प) वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–5 भाग–1 के अर्न्तगत फार्म–27 (layXud&25) में भूमि की लागत (कैपिटल) तथा राजस्व का लेखा जोखा ।

(फ) वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–5 भाग–1 के अन्तर्गत फार्म–29 (layXud&26) में किराये का रजिस्टर।

इस रजिस्टर में समस्त किराये के भवनों का किराया तथा उन अधिकारियों/कर्मचारियों का नाम जो इन भवनों में आवासित हैं, अंकित होना चाहिए।

5.1.2 वे आवासीय भवन जो राजस्व अभिलेखों में नहीं दर्ज हैं, परन्तु जो किराये के हैं:–

(अ) भवन की भूमि सहित योजना (मानचित्र आदि)।

(ब) वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड –5 भाग–1 के अन्तर्गत फार्म नं०–26 में

भूमि का रजिस्टर।

(स) वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–5 भाग–1 के अन्तर्गत फार्म नं०–28 में भवन का रजिस्टर।

(द) स्वीकृत किराया।

(1) किराये के आवासीय भवन वे हैं, जो राजपत्रित अधिकारियों के प्रयोग में आते हैं तथा जिनका लेखा–जोखा राजस्व अभिलेखों में है।

(2) किराया मुक्त आवासीय भवन वे भवन हैं] जो अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों के आवासीय व्यवस्था के लिये उपयोग में लाये जाते हैं और उन कर्मचारियों के लिये भी हैं जो किराया मुक्त आवासीय भवन के हकदार हैं। (पुलिस आफिस मैनुअल के प्रस्तर–444 और 445)

## 5-2& vukoklh; Hkou

पुलिस मुख्यालय के अधिशासी अभियन्ता के दिये गये परामर्श के अनुसार अनावासीय भवन वे भवन है, जो थाना, चौकी, कार्यालय, स्टोर आदि तथा बैरक के रूप में प्रयोग में लाये जाते हैं। ऐसे भवनों के अभिलेखों का रख रखाव उसी तरह किया जाना चाहिए, जिस तरह किराया मुक्त आवासीय भवनों का किया जाता है।

**C P W D** eVuUl euqvy d vuqlkj Hkouk d j[k&j[kko dh dk; ;ktuk gr vko';d vfHkys[kk dk fooj.k :–

(1) भवन निर्माण का विस्तृत आगणन, भवनों एवं सर्विसेज सम्बन्धित कम्पलीशन ड्राईग।

(2) अध्यासी रजिस्टर।

(3) भवनों हेतु गठित शिकायत पंजिका।

(4) अतिक्रमण रजिस्टर।

(5) भवन वार अनुरक्षण का रिकार्ड।

(6) निरीक्षण पंजिका।

(7) तकनीकी स्टाफ की ड्यूटी रजिस्टर। (जहाँ ऐसा स्टाफ हो)

(8) रजिस्टर आफ स्पेशल रिपेयर।

(9) अवैध अध्यासीगण सम्बन्धी रजिस्टर।

(10) भवनों के आकार में संवर्धन एवं परिवर्तन सम्बन्धी रजिस्टर।

(11) भवनों की किराया पंजिका।

(12) भवनों के हैण्डिंग ओवर एवं टेकिंग ओवर सम्बन्धित रजिस्टर।

(13) सामग्री भण्डारण एवं खपत रजिस्टर।

(14) डिस्मैन्टिल्ड मैटिरियल की नीलामी/राईट आफ रजिस्टर।

अध्याय–6

# Hkouk dk fdjk;k] xgdj o tydj

## 6-1 'kkldh; Hkouk dk fdjk;k

वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन विषयक शासनादेश संख्या– ए–2–970/दस– 96–24(7)/95 दिनांक 28–6–1996 को निरस्त (संशोधित) करते हुए शासनादेश संख्या– ए–2–1092/दस–2011–24(7)–95, दिनांक 25–11–2011 के साथ संलग्न अनुलग्नक विवरण–पत्र–iii–मकान का किराया के क्रमांक–2 में उल्लिखित विभागाध्यक्षों एवं मण्डलायुक्तों को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत अनावासीय भवनों हेतु उनके द्वारा स्वीकृत किराया तथा शासन द्वारा अनावासीय भवनों हेतु स्वीकृत किराये का भुगतान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या–बारह–27–2010, दिनांक 02.08.2011 (lyXud&27) द्वारा निर्गत किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अनावासिक प्रयोजनों (गोदामों को छोड़कर) के लिये किराये पर लिये गये भवनों का किराया स्वीकृत करना।<br><br>1–मण्डलायुक्त<br><br>2–विभागाध्यक्ष | (1) गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, लखनऊ में–<br>रु० 20.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 50,000 रुपयें प्रतिमास होगी।<br>(2) मण्डल मुख्यालयों के जनपदों में (उपर्युक्त क्रमांक–(1) में सम्मिलित जनपदों को छोड़कर)<br>रुपयें 10.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 40,000 रुपयें प्रतिमास होगी।<br>(3) एक लाख जनसंख्या से ऊपर के अन्य नगरों में:–<br>रुपयें 8.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक माममले में किराया |

| | | |
|---|---|---|
| | | स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपये प्रतिमास होगी।<br>(4) एक लाख जनसंख्या से ऊपर के नगरों मेंः–<br>रुपयें 6.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 15,000 रुपये प्रतिमास होगी।<br>(5) ग्रमीण क्षेत्रों मेंः–<br>रुपये 2.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक।<br>प्रतिबन्ध प्रत्येक दशा में यह है कि कार्यालय के लिये जगह वित्त विभाग के शासनादेश सं०–सी–2299/ दस–एच–639–61, दिनांक 08 जून, 1965 में निर्धारित मानक नमूने के अनुसार ली जाये।<br>fVIi.kh&1& उपरोक्त सीमा अधिकतम सीमा है और विभागाध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त द्वारा अधिक से अधिक सस्ता स्थान प्राप्त करने के लिये प्रयास किये जाने चाहिए।<br>fVIi.kh&2 ''कारपेट एरिया'' का तात्पर्य भवन के ''फलोर एरिया'' से है जिसमें किचेन, बाथरूम, मोटर गैरेज, गैलरी तथा पैसेज के फलोर एरिया शमिल नहीं होगें।<br>fVIi.kh&3 जनपद व मण्डल स्तर के कार्यालय अपना किराया निर्धारण मण्डलायुक्त के स्तर पर करायेगें।<br>fVIi.kh&4 शेष कार्यालय जिसमें मुख्यतः विभागाध्यक्ष स्तर के कार्यालय होगें, विभागाध्यक्ष से अपना किराया निर्धारित करायेगें।<br>fVIi.kh&5 विभागाध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकारों की सीमा से अधिक के मामले शासन के प्रशासकीय विभाग को |

| | | |
|---|---|---|
| | | सन्दर्भित किये जायेगें।<br>पूर्ण अधिकार, निम्नलिखित शर्तो के अधीनः–<br>(1) रेण्ट कण्ट्रोल एक्ट के अधीन निर्धारित अथवा स्थानीय नगर पालिका द्वारा निर्धारित किराये से जैसी भी स्थिति हो,किराया अधिक न हो। जहाँ इस प्रकार का भवन किराये पर उपलब्ध न हो, वहाँ किराया उस किरायें से अधिक नहीं होना चाहिए जिसे |
| | 3–प्रशासनिक विभाग | जिलाधिकारी द्वारा उचित प्रमाणित किया गया हो और संबंधित स्थानीय निकाय को सूचित किया गया हो।<br>(2) जहाँ कि भवन कार्यालय के उपयोगार्थ लिया जा रहा हो, वित्त (सी) विभाग के शासनादेश संः सी–2229/दस–एच–639–61, दिनांक 06 जून, 1955 में निर्धारित मानक नमूनों का यथेष्ठ ध्यान रखना चाहिए और अन्य मामलों में जगह औचित्यपूर्ण आवाश्यकताओं से अधिक नहीं होना चाहिए।<br>टिप्पणी– 1 सरकारी कार्यालयों के लिए प्राइवेट भवन किराये पर लेने के लिए निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी।<br>(1) ऐसे भवन जो रेन्ट कन्ट्रोल ऐक्ट की परिधि के बाहर हैं को किराये पर लेने के लिए विभाग को स्थानीय रूप से अधिक पढ़े जाने वाले तीन प्रमुख एवं लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में दो बार लगातार कार्यालय प्रयोजन हेतु भवन की आवश्यकता का पूर्ण एवं स्पष्ट विज्ञापन कराना चाहिए। विज्ञापन सूचना विभाग के माध्यम से कराना आवश्यक न होगा।<br>(2) विभाग तीन अधिकारियों एक कमेटी गठित करेगा जो विज्ञापन के फलस्वरूप प्राप्त आवेदनों |

| | | |
|---|---|---|
| | | (Offer) पर विचार करके एवं उपलब्ध भवनों का निरीक्षण करके उपयुक्त भवन का चयन करेगी और जिलाधिकारी से किराये के औचित्य का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा जिसके उपरान्त ही सक्षम अधिकारी द्वारा भवन का किराया कमेटी की संस्तुति पर स्वीकृत किया जा सकेगा।<br>(3) किराये के औचित्य का प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी स्वयं अपने हस्ताक्षर से जारी करेंगे।<br>तहसीलदार या रेन्ट कन्ट्रोल आफीसर्स द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र इस निमित्त मान्य नहीं होगा। टाउन एरिया/नोटीफाइड एरिया/ग्रामीण क्षेत्रों में किरोय की दर का अनुमोदन जिलाधिकारी का होगा, परन्तु किराये का औचित्य प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए परगना अधिकारी अधिकृत होंगे।<br>टिप्पणी–2– सरकारी कार्यालयों के लिए किराये पर लिये गये जो भवन रेन्ट कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत आ गये हैं उन भवनों के किराये में वृद्धि के सम्बन्ध में निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी–<br>सरकारी कार्यालयों के लिए किराये पर लिये गये जो भवन "उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम–1972" के प्राविधानों के अन्तर्गत आ गये हैं यदि उनका किराया बढ़ाने की मांग मकानदार द्वारा की जाती है तो उसे उसके लिए उक्त अधिनियम की धारा–21(8) के प्राविधानों का पालन करना होगा, जिसके अनुसार किसी भी भवन की स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट, माकानदार के आवेदनपत्र पर उसके लिए देय मासिक किराया उतनी धनराशि तक बढ़ा सकता है जो किरायादार के अधीन भवन के बाजार मूल्य के 10 प्रतिशत के 12वें भाग के बराबर होगा और इस प्रकार बढ़ाया गया किराया आवेदन पत्र के दिनांक ठीक बाद |

| | | |
|---|---|---|
| | | पड़ने वाले किरायेदारी के मास के प्रारम्भ से देय होगा किन्तु अग्रेत्तर वृद्धि करने के लिए इस प्रकार का आवेदन पत्र वृद्धि के अन्तिम आदेश के दिनांक से 5 वर्ष के अवधि की समाप्ति के पश्चात ही दिया जा सकेगा। यदि उभयपक्षों के बीच किसी निर्धारित अवधि तक किराया न बढ़ाने की शर्ते तय हो चुकी हो तो उस अवधि तक किराये की वृद्धि सम्भव नही होगी। |

## 6-2 xgdj@tydj

पुलिस मुख्यालय एवं जनपद के पुलिस थानों/पुलिस चौकियों/पुलिस लाइन्स/पुलिस कार्यालयों/इकाईयों आदि हेतु नगर निगम/जल संस्थान/नगर पालिकायें/नगर पंचायतों/जिला पंचायतों से प्राप्त xgdj ,o tydj@tyeY; के बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में उ०प्र० नगर निगम अधिनियम 1959 के अध्याय–9 विशेष कर धारा–173, 174 एवं 175, उ०प्र० नगरपालिका अधिनियम 1916 के अध्याय–5 की धारा 128 एवं नगर पंचायतों/जिला पंचायतों के क्षेत्रों में सुसंगत अधिनियमों (lyXud&6-2-28) का अध्ययन कर उसी के अनुरूप निगम के उच्चाधिकारियों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भलीभाँति परीक्षणोपरान्त ही प्रदेश के शासकीय भवनों के जलकर/गृहकर का सही निर्धारण कराकर वास्तविक रूप से देय धनराशि की माँग पुलिस मुख्यालय से किये जाने पर ही पुलिस मुख्यालय से अनुदान का आवंटन किया जायेगा।

इस विषय में यह आवश्यक है कि माँग/कर निर्धारण एवं बिलों का सम्यक परीक्षण/जाँच करके ही भुगतान किया जाये। स्थानीय निकायों द्वारा करारोपण के विषय में निम्न प्रावधान विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैः–

(क) उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 के अध्याय–9 विशेष कर धारा 173, 174, एवं 175 में गृहकर एवं जलकर के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, (m)j.k lyXud l[;k–6.2.28 )

(ख) जिन जनपदों में नगरपालिकायें है। वहाँ के लिये उ०प्र० नगरपालिका अधिनियम 1916 के अध्याय–5 की धारा 128 में गृहकर एवं जलकर के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है (m)j.k lyXud l[;k–6.2.28 )

(ग) इसी प्रकार नगर पंचायतों/जिला पंचायतों के क्षेत्रों में भी सुसंगत अधिनिययमों का अध्ययन कर जलकर एवं गृहकर निर्धारण का परीक्षण कर लिया जाये।

## अध्याय–7

# fo|r 0;;

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–2015/6–पु–11–5–बजट/2011, दिनांक 29–04–2011 में पुलिस विभाग के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के लिए पृथक–पृथक विद्युत मीटर की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।

शासन के उपरोक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक 143/मु०अ० (वा० एवं ऊ०ले०)/वा०–1, दिनांक 25.06.2011 द्वारा पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में अलग–अलग मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण) विद्युत वितरण क्षेत्र को स्पष्ट निर्देश निर्गत किये गये हैं। तद्नुसार पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याःबारह–14–69, दिनांक 08–07–2011,03.12.2011 व 12.12.2011 में पुलिस/पीएसी के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में पृथक–पृथक विद्युत कनेक्शन (संयोजन) स्थानीय पावर कारपोरेशन के स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर लगवाये जायेंगे। आवासीय परिसर में विद्युत मीटर लगने के बाद सभी आवासों में सब–मीटर लगवाये जायेंगे एवं एक रजिस्टर बनाकर तद्नुसार अध्यासियों से विद्युत देयों की वसूली की जायेगी। (संलग्नक–7.29, 7.29(1), 7.29(2)

जब तक उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं होती तब तक उक्त वसूली अध्यासी के वेतन बिल से ही कटौती करके लेखाशीर्षक ^^0055&Ákf Ir ;k** मद में सीधे कोषागार मे जमा की जायेगी।

7-2 वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–12 के अ०शा० पत्रांक–ई–12– 458/दस–99, दिनांक 16–11–1999 के क्रम में शासन के पत्र संख्या–3302/ 6–पु–13–99, दिनांक 30–12–1999 के सन्दर्भ में शासन के पत्र संख्या–4682/ 6–पु–7–198/2000, दिनांक 18–12–2003 के निर्देशानुसार विद्युत मीटर रहित आवासीय भवनों के अध्यासियों से निर्धारित दरों यथा टाइप–I से 156/–, टाइप–II से 312/–, टाइप–III से 455/– तथा टाइप–IV से 741/– पर वसूली की जायेगी।

# सिविल कार्य

# ifjHkk"kk,¡

**foRrh; gLr iqfLrdk [k.M&5 Hkkx&1 ds ÁLrj&262& esa dk;ksZ dk ÁkjfEHkd :i ls nks Jsf.k;ksa esa foHkkftr fd;k x;k gS&**

''मूल–कार्य'' और ''ejEer ;k lq/kkj''– मूल कार्य में सभी नये निर्माण सम्मिलित है भले ही वे नये कार्यो के अतिरिक्त हों या अस्तित्वाधीन कार्य के अतिरिक्त तथा संपरिवर्तित कार्य जो कि इमारत के मूल्य पूँजी या कार्य के कारण बढ़े हों। नयी खरीदी गयी या पूर्वतः छोड़ी गयी इमारत जिसका कि उनके द्वारा प्रयोग करना अपेक्षित हो, मूल कार्य में ही आयेगे।

मरम्मत या सुधार में सभी ऐसे कार्य सम्मिलित हैं जो इमारतों को सामान्य उपयोग में रखने हेतु इमारत को उचित दशा में रखने के लिये अपेक्षित हैं।

एक लघु कार्य वह है जिस पर लागत 20,000 रु० से ज्यादा हो। एक छोटा कार्य वह है जिस पर लागत 20,000 रु० से ज्यादा हो किन्तु वह लागत 1,00,000 रु० से ज्यादा न हो, तथा मुख्य (मेजर) कार्य वह है जिस पर लागत 1,00,000 रु० से ज्यादा हो।

fVIi.kh (1) मिश्रित मद के मामले मे यदि मद पर के कार्य पर मूल कार्य के बहीखाते में डाली गयी राशि 20,000 रु० या इससे कम है तो उसे लघु कार्य के रूप में व्यवहारित किया जाय न कि छोटे कार्य के रूप में, यद्यपि ऐसे समिश्रित कार्य की (मरम्मत को सम्मिलित करते हुये ) कुल राशि 20,000 रु० से ज्यादा हो सकती है तथा विभागीय प्रधान को ऐसे मिश्रित कार्यो के निष्पादन के लिये दायित्वाधीन होना चाहिए तथा अपने निजी बजट के प्रयोजनार्थ फंड से पावतियां प्राप्त करेंगे। जब मूल कार्य भाग का मिश्रित मद 20,000 रु० से ज्यादा हो तो यह छोटे कार्य के रूप में बरता जाये तथा निष्पादन के लिये मरम्मत सहित पूरे कार्य को लोक निर्माण विभाग को न्यसत किया जाय। ऐसे कार्यो के उपबन्ध '' लोक निर्माण विभाग'' बजट दोनों मूल तथा मरम्मत के अधीन निर्मित किये जाएं।

(2) जब एक अस्तित्वाधीन इमारत की पुनर्सज्जा होनी हो, या उसका कोई भाग अन्यत्र प्रतिस्थापित किया जाना हो तो यदि इसके निर्माण की वस्तुएँ पूर्वतः अस्तित्वाधीन इमारत की दृष्टिकोण से अधिक मंहगी हैं तो या प्रस्तावित पुर्ननिर्माण आवास की वृद्धि के परिणास्वरूप है तो केवल एक मद तैयार किया जायेगा किन्तु मद मिश्रित मद के भाग पर होगा जो कि '' मूल–कार्य'' को प्रभार योग्य हो तथा उसके मरम्मत के भाग पर। मूल कार्य को प्रभावित होने वाली राशि मूल लागत किये गये कार्य की कुल मद मूल्य पर होगा (यदि मद आवश्यक हो)।

viokn&जब किसी एक मद (इस्टीमेट) में '' मूल कार्य'' की प्रभार योग्य राशि 20,000 रु० से कम है तो मरम्मत के लिये पूर्ण खर्च प्रभारित हो सकेगा, बशर्ते कि कार्य यदि आवासीय इमारत से सम्बन्धित है तो राशि जो कि '' मूल कार्य'' पर शुद्धतः प्रभार योग्य है पूँजी मूल्य में जोड़ी जायेगी तथा किराये जोड़ हेतु विचार में लायी जायेगी।

## foRrh; gLrifLrdk [k.M&5 Hkkx&1 d ÁLrj&264&

इस अध्याय में के नियमों में शब्द '' स्थानीय अधिकारी''के अधीन जिला या विभागों के स्थानीय प्रमुख, या लोक निर्माण विभाग से भिन्न अधिकारी आयेंगे (जैसे जिला अधिकारी या पुलिस अधीक्षक) जो कि विभाग से सम्बन्धित इमारतों की समुचित दशा में रख रखाव तथा ऐसी इमारत से सम्बन्धित कार्यो के निष्पादन के लिये दायित्वाधीन होगें। सरकार उन विशिष्ट इमारतों को अभिनिश्चत कर सकेगी जिन विशिष्ट इमारतों के सन्दर्भ में अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेगें।

fVIi.kh&स्थानीय अधिकारी के मामले में स्वयं उनके विभाग के प्रमुख इस अध्याय में के नियमों के अधीन उनके द्वारा उन्मोचित विभागीय प्रमुख तथा स्थानीय अधिकारी दोनों के कर्तव्यों का पालन करेंगे।

## lkekU; fu;e

ÁLrj&264 (अ) आवासीय इमारतों को छोड़कर सभी इमारतों के रख रखाव तथा मरम्मत का दायित्व मय, विद्युत, सफाई जल आपूर्ति तथा सम्बन्धित विभाग के स्थानीय अधिकारियों पर अधिरोपित सभी लघु कार्यो का निष्पादन विभाग के प्रमुख के नियंत्रण के विषय होगें। लोक निर्माण विभाग द्वारा सिविल विभाग को की गयी आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की प्रति के साथ उसकी शुद्ध स्लिप के साथ अनुसूची दर पर की जायेगी। लोक निर्माण विभाग जब कभी भी अपेक्षित हो करार के सम्बन्ध में उन्हें परामर्श देते हुये सिविल विभाग को कार्य लेखा,अभिलख योजना,इमारत रजिस्टर इत्यादि के सम्बन्ध में उन्हें सहायता प्रदान करेगा तथा मुख्यालय पर कार्य के सम्बन्ध में ऐसे कार्य से सम्बन्धित विनिर्दिष्ट बिन्दुओं पर मरामर्श हेतु पूछ सकेगा।

(ब) सिविल अधिकारी के निर्माणाधीन लोक निर्माण विभाग सभी विभागों की इमारतों में छोटे तथा बड़े कार्यो का भी निष्पादन करेगा, सरकार के स्टाफ तथा सदस्यों के पदीय आवासों की मरम्मत तथा रख रखाव तथा उनकी इमारतों से सम्बन्धित लघु कार्यो का भी निष्पादन करेंगे(देखें पैरा 294–297 तथा 298)

## viokn

**(i)** कारागार के महानिरीक्षक अस्तित्वाधीन जेल से सम्बन्धित छोटे बड़े सभी कार्यो के लिये दायित्वाधीन हैं किन्तु वह स्वविवेक पर किसी भी ऐसे छोटे बड़े कार्य को लोक निर्माण विभाग के जिम्मे कर सकेंगे जिसमें वैज्ञानिक प्रबन्ध या तकनीकी ज्ञान अपेक्षित हो जब वे छोटे या बड़े कार्यो के निष्पादन का दायित्व धारित करें तो वे वित्तीय हस्तपुस्तिका के वाल्यूम vi लोक निर्माण लेखा को रखेंगे तथा उनहें महालेखाकार को पेश करेंगे।

**(ii)** वार्षिक तथा विशेष मरम्मत के निष्पादन के परामर्शदायी नियम विद्युत संस्थापन से सम्बन्धित छोटे बड़े कार्यो के लिये देखें (पैरा 279)

**(iii)** वन विभाग के कार्य चाहे वे बड़े हों या छोटे वित्तीय हस्त पुस्तिका वाल्यूम vii में विहित नियमों के तदनुसार विभाग द्वारा ही किये जाएं। किन्तु वह विभाग ऐसे छोटेबड़े कार्य को लोक निर्माण विभाग के जिम्मे कर सकेगा जिसमें वैज्ञानिक प्रबन्ध या तकनीकी ज्ञान अपेक्षित है।

**(iv)** जब छोटे या बड़े कार्य का प्रशासन नियंत्रण तथा निष्पादन यातायात संगठन,निर्माण खण्ड के कार्यपालिका इन्जीनियर, संगठन के छोटे कार्यो के लिये जो कि 1,00,000 रु० के लागत तक के है विभागीय रूप से जिम्मेदार होगे परन्तु यह इसशर्त के अधीन होगा कि कार्यपालिक इन्जीनियर (निर्माण खण्ड) का पद लोक निर्माण विभाग के कार्यपालिक इन्जीनियर द्वाराधारित किया गया हो। विशेष परिस्थितियों में सिविल विभाग के प्रधान को न्यस्त हो तब कार्य के फंड के उपबन्ध उस विभाग के बजट में निर्मित किये जाय।

fVli.kh& (1) कच्ची इमारतों के सिवाय तथा इमारतों के समूह जो कि मुख्य कच्चे रूप में हैं, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से निम्न श्रेणी के न होने वाले अधिकारी द्वारा सभी इमारतें हरेक दूसरे वर्ष निरीक्षित की जायें। अधीक्षण अभियंता अभिनिश्चय करेंगे तथा कब्जाधीन विभाग के स्थानीय प्रमुख को आमंत्रण की सूचना देंगे, प्रत्येक जिले में जिन इमारतों का निरीक्षण सहायक अभियंता द्वारा किया जायेगा, तथा जो कि प्रखंड अभियंता द्वारा निरीक्षित की जायेंगी। मुख्य अभियंता द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप पर निरीक्षण अधिकारी अपने निरीक्षण का परिणाम अभिलिखित करेंगे जिसकी एक प्रति वे स्थानीय

अधिकारी तथा एक प्रति अधीक्षण अभियंता को भेज देंगे। सूचना में आयी सभी त्रुटियों के निवारणार्थ स्थानीय प्रमुख आवश्यक कदम उठायेंगे।

(2) किसी भी विभाग के प्रमुख एक वर्ष के भीतर किसी भी समय इमारत के निरीक्षण बाबत लोक निर्माण विभाग को कह सकेंगे।

(3) इमारत जिसकी छत लकड़ी या बीम की हो वर्तमान में प्रत्येक वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा निरीक्षण की जायेगी।

(4) लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण अधिकारी इसके विशेष बिन्दुओं की रिपोर्ट देगें भले ही इसकी चातुर्दिक मरम्मत समुचित हो।

264–ए (i) सरकार के आदेश के बिना लोक प्रयोजनार्थ कोई भी इमारत क्रय न की जाए जिस पर कि विभागीय अभियता द्वारा सर्वे तथा मूल्यांकन की रिपोर्ट अनुमोदन हेतु सभी मामलों में विभागीय प्रमुख द्वारा पेश की जानी चाहिए।

(ii) इस अध्याय में उपबंध ए में विहित नियमों के सिवाय कोई भी आवासीय इमारत खरीदी या बनवायी न जाए।

# सामान्य नियम

## foRrh; gLr ifLrdk [k.M&5 Hkkx&1 d ÁLrj&294&

सिविल विभाग से लोक निर्माण विभाग बजट मद से फंड का स्थानान्तरण आवश्यक नहीं है सिवाय विद्युत के मामले में या अन्य लघु कार्यो के निष्पादन के मामले में जो किसी कारण वश लोक निर्माण विभाग में न्यस्त किए जाएं। संभागीय अभियन्ता अपने लेखा में संव्यवहारों को निविष्ट करेगे तथा राशि के सन्दर्भ में अपनी सलाह को समयोजित करते हुए सम्बन्धित स्थानीय अधिकारी के जरिये महालेखाकार को भेजेंगे।

fVIi.kh& इस नियम के अधीन कोषालय के सुदृढ़ कमरे के निर्माण के सम्बनध में सभी कार्य का निष्पादन लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

ÁLrj&295–(अ) लघु कार्यो के निष्पादन के लिये स्थानीय अधिकारी निजी अधिकरण या निजी ठीकेदार से मद तथा डिजाइन प्राप्त करेंगे। (देखें पैरा–305) फिर भी जब कभी भी यदि ऐसे कार्य के मौलिक क्लिष्टताओं या तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता सम्मिलित हो तो यह सिविल विभाग के विकल्प पर होगा कि वह कार्य को करने हेतु लोक निर्माण विभाग से प्रार्थना करे। लोक निर्माण विभाग स्वविवेक से ऐसा कार्य कर सकता है किन्तु औद्योगिक विभाग से परिवचनित कार्य के मामले में वे सम्यक् प्रतिशत शुल्क प्रत्युद्धरण कर सकते है।(देखें पैरा 296 तथा 306)

(ब) प्रत्येक मामलों में स्थानीय अधिकारी परिवीक्षा हेतु मद को सम्भागीय अभियंता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मंजूरी के सन्दर्भ में विभागीय प्रधान की परिवीक्षा तथा फंड के आवंटन के पश्चात् विभागीय अभियंता मद को पेश करेंगे। आवासीय इमारतों के मद से सम्बन्धित मामलों में पैरा 279 के तद्नुसार वे पुनरीक्षित किराया कथन की प्रति संलग्न करेंगे। पुनरीक्षित किराया कथन की तैयारी में पैरा 282 ए में विहित निर्देशों को मद्दे नजर किया जाएगा।

fVIi.kh& (1) स्थानीय अधिकारी निर्माणाधीन लघु कार्यो के निरीक्षण हेतु प्रखंड अभियंता को नहीं बुलाएगे।

(2) जब प्रोजेक्ट कार्यगत हो तब प्राइवेट प्रैक्टीशनर से अपने मदों को पेश करने के लिए पूछा जायेगा जो कि निम्न दस्तावेजों सुसंगत हों–

(अ) रिपोर्ट, (ब) साधारण नमूना (स) विवरणात्मक नमूना (द) जोड़ (च) मात्रा पर के विवरणात्मक मद (छ) लागत का सार (ज) तीन प्रतियों में के नक्शे का विवरण।

जब कभी भी वैकल्पिक हो मद (अ) की रिपोर्ट पेश की जाए।

(3) उपरोक्त नोट (2) में विवरणात्मक दस्तावेजों की तैयारी में भाषा हिन्दी या अंग्रेजी की हो सकेगी।

ÁLrj&295–(ए) लघु कार्यो के निष्पादन के लिये स्थानीय प्राधिकारी कराकर कर सकते है बशर्ते कि ऐसी मद प्रारम्भिक मद से अधिक न हो।यदि मद ज्यादा है तो करार विभाग के प्रधान के प्रतिग्रहण हेतु पेश किया जायेगा।

प्रस्तर–296– डिजाइन की तैयारी या किसी भी तरह के निष्पादन के लिये मुख्य अभियंता की मन्जूरी के बिना खंड अभियंता द्वारा कोई कार्य परिवचनित नहीं होगा। यह अनुज्ञा सम्बन्धित विभाग के प्रधान प्राप्त करेगे जो कि जब कभी भी इसके लिये प्रयोज्य हों निर्धारित वित्तीय वर्ष या चालू कार्य के दौरान फंड पावती को परिवचनित करेंगे। कार्य के परिवचन को अनुज्ञा की प्राप्ति कर संभागीय अभियंता प्रोजेक्ट की तैयारी तथा कार्य के निष्पादन के सम्बन्ध में विभागीय नियमों का अनुपालन करेंगे सिवाय उनके जिनमें कि प्रारम्भिक प्रस्ताव व्ययनित है।

## NkVs dk;

ÁLrj 297& छोटे कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाएं किन्तु वे सिविल विभाग के प्रमुख द्वारा शुरू किये जायें। लोक निर्माण विभाग ऐसे कार्यो का निष्पादन अपने विभागीय नियमों के तद्नुसार करेगा।

ÁLrj&298& लघु कार्यो के निर्माण का फंड '' सिविल वर्क 50'' शीर्ष के अधीन लोक निर्माण विभाग के बजट मद में एक लाख रु० से कम विहित किया गया है। सम्बन्धित सिविल को या इस प्रयोजनार्थ नियुक्त अधिकारी को व्ययन पर वे आभार को पुनरक्षित रखेंगे।

fVIi.kh& छोटे कार्यो के लिये उपबंधित बजट प्रस्ताव में विभाग को दृढ़ता पूर्वक अपनी मांग करनी चाहिए कि वित्तीय वर्ष के दौरान कितना खर्च हो सकता हैं।

STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA

Area Statement

| Ground Floor | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.N. | Description | Nos. | Measurement in Mtr. | Quantity (in Sqm) |
| 1 | Office (6000x3600mm) | 1 | | 32.07 |
| 2 | Malkhana (4700x4055 mm) | 1 | | 17.45 |
| 3 | Toilet (3600x2700 mm) | 1 | | 12.47 |
| 4 | W.C. (1000X200 mm) | 2 | | 4.90 |
| 5 | Gents Lockup (3070x3600 mm) | 1 | 3.07x3.60 | 11.05 |
| 6 | Ladies Lockup (2700x3600 mm) | 1 | 2.70x3.60 | 9.72 |
| 7 | Toilet (1800x1900 mm) | 1 | | 3.67 |
| 8 | S.H.O. Room (3600x5400 mm) | 1 | 3.60x5.40 | 19.44 |
| 9 | Morcha (2400x2500 mm) | 2 | | 10.96 |
| 10 | Entrance Verandah (6000x1315 mm) | 1 | 6.00x1.315 | 7.89 |
| 11 | E.N.T. Lobby/Stair case (5000x4970 mm) | 1 | | 31.92 |
| 12 | Visitors Room (2700x3600 mm) | 1 | 2.70x3.60 | 9.72 |
| 13 | S.I. Room (3185x3600 mm) | 1 | 3.185x3.60 | 11.47 |
| 14 | Morcha | 1 | | 7.92 |
| 15 | Invertor/Generator Room (3600x3185 mm) | 1 | 3.60x3.185 | 11.47 |
| 16 | Passage (2100 mm Wide) | 1 | | 66.86 |
| 17 | Porch (6460x3600 mm) | 1 | (6.460x3.60)/2 | 11.62 |
| 18 | Wall area | 1 | | 42.90 |
| | | | Total | 323.50 |



(A) THANA BUILDING GR. + 2 + CENTRAL MORCHA AT TOP (BARRACK FOR 28 PERSONS)
(B) RESERVE BARRACK FOR 28 PERSONS
S.N. DESCRIPTION REV. DRG NO. DATE M. (ARC)
REVISIONS
STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA
SCALE
DATE 25/06/2009
ASHOK NAWAN
DEALT BY
DRG. NO
JOB NO.
NORTH
CHECKED BY
LAY OUT PLAN
MANAGER (ARCH.)
U.P. - POLICE AVAS NIGAM LTD.
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW
Approved
MORCHA
WIDE ROAD
SECURITY WALL
SENTRY POST
BARRIER
ENT
7500 HIGH WELDEDMESH FENCING ALL AROUND

STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA

Area Statement

| First Floor | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.N. | Description | Nos. | Measurement in Mtr. | Quantity (in Sqm) |
| 1 | Dining Hall | 1 | | 25.20 |
| | 6000x3600mm | | | |
| 2 | Kitchen | 1 | | 17.45 |
| | 4700x4055 mm | | | |
| 3 | Morcha | 5 | | 27.40 |
| | 2400x2500 mm | | | |
| 4 | Morcha | 1 | | 7.92 |
| | 2400X2500 mm | | | |
| 5 | Barrack | 4 | 6.00x3.60 | 86.40 |
| | 6000x3600 mm | | | |
| 6 | Store | 1 | 3.60x2.70 | 9.72 |
| | 3600x2700 mm | | | |
| 7 | Toilet | 1 | 3.60x3.185 | 11.47 |
| | 3600x3185 mm | | | |
| 8 | Passage/Stair Case | 1 | | 88.53 |
| | 2100 mm Wide | | | |
| 9 | Wall area | 1 | | 37.81 |
| | | | Total | 311.90 |



AREA STATEMENT
TOTAL COVERED AREA
S.N. DESCRIPTION REV. DRG. NO. DATE
REVISIONS
STANDARD DESIGN OF
THANA FOR NAXALITE AREA
1:100
23/08/2009
SCALE
DATE
ASHOK NARAIN
DEALT BY
DRG. NO.
JOB. NO.
NORTH
CHECKED BY
GROUND FLOOR PLAN
MANAGER (ARCH)
U.P. POLICE AVAS NIGAM LTD.
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW.
Approved
2.12.09
GENERATOR ROOM
1500 WIDE BARRACK
TO RESERVE BARRACK
MORCHA
S.I. ROOM
3165X3600
VISITOR / COMPLAINANT ROOM
2700X3600
MORCHA
2400X2500
2100 WIDE PASSAGE
MALKHANA
4700X4085
COURT YARD
UP
ENT. LOBBY
6000X4970
ENT. VER.
6000X1315
PORCH
6460X3600
MORCHA
2400X2500
2100 WIDE PASSAGE
S.H.O. ROOM
3600X4400
TOILET
1800X1900
W.C.
2000X1000
A
B
3600
22229

STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA

Area Statement

| Second Floor | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.N. | Description | Nos. | Measurement in Mtr. | Quantity (in Sqm) |
| 1 | Barrack | 3 | 6.00x3.60 | 64.80 |
| | 6000x3600mm | | | |
| 2 | Morcha | 2 | | 10.96 |
| | 2400x2500 mm | | | |
| 3 | Store | 1 | 3.60x2.70 | 9.72 |
| | 3600x2700 mm | | | |
| 4 | Toilet | 1 | 3.60x3.185 | 11.47 |
| | 3600x3185 mm | | | |
| 8 | Passage/Stair Case | 1 | | 111.92 |
| | 2100 mm Wide | | | |
| 9 | Wall area | 1 | | 27.93 |
| | | | Total | 236.80 |



Approved
2.12.09
( सुनील कुमार जैन )

| S.N. | DESCRIPTION | REV. DRG. NO. | DATE | M. | ARCH. |
|---|---|---|---|---|---|

REVISIONS

STANDARD DESIGN OF
THANA FOR NAXALITE AREA

| 1:100 | 23/09/2009 | ASHOK NAWANI |
|---|---|---|
| SCALE | DATE | DEALT BY |

DRG. NO. JOB. NO. NORTH | CHECKED BY

FIRST FLOOR PLAN

MANAGER (ARCH)

U.P. - POLICE AVAS NIGAM LTD
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW.

STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA

Area Statement

| Third Floor/Terrace Plan | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.N. | Description | Nos. | Measurement in Mtr. | Quantity (in Sqm) |
| 1 | Centre Morcha WITH L.M.G. at Top | | | |
| | A | 1 | 3.464X10.285 | 35.63 |
| | B | 2 | (4.515+2.675)2X1.062 | 7.67 |
| | C | 2 | (2.212+2.675)2X0.268 | 1.31 |
| | D | 2 | (1.915X1.106)/2 | 2.11 |
| | | | Total | 46.72 |



LOBBY
9200X4055
CENTRAL
MORCHA
WITH L. M. G.
AT TOP
MORCHA
MORCHA
BARRACK 4 PERSONS
6000X3600
BARRACK
4 PERSONS
3600X6000
BARRACK 4 PERSONS
6000X3600
STORE
TOILET
2100 WIDE PASSAGE
2100 WIDE PASSAGE
2100 WIDE PASSAGE
UP
DN
SPACE FOR MORCHA
HIGH PARAPET WALL WITH FIRING HOLE
TERRACE BELOW
Approved
2.12.009
( सुनील कुमार जैन )
S.N. DESCRIPTION REV DRG NO DATE M. I ARCH
REVISIONS
STANDARD DESIGN OF
THANA FOR NAXALITE AREA
1:100
23/09/2008
ASHOK NAWANI
SCALE
DATE
DEALT BY
DRG. NO
JOB. NO.
NORTH
CHECKED BY
SECOND FLOOR PLAN
MANAGER (ARCH)
U.P. POLICE AVAS NIGAM LTD.
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW

STANDARD DESIGN OF THANA FOR NAXALITE AREA

Area Statement

| Ground Floor-Reserve Barrack | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.N. | Description | Nos. | Measurement in Mtr. | Quantity (in Sqm) |
| 1 | Dining Hall | 1 | | 43.69 |
| | 5910x6165 mm | | | |
| 2 | Kitchen | 1 | | 14.03 |
| | 4000x3835 mm | | | |
| 3 | Morcha | 6 | | 30.36 |
| | 2200x2200 mm | | | |
| 4 | Barrack | 4 | 9.45x3.835 | 144.96 |
| | 9450x3835 mm | | | |
| 5 | Store | 1 | 2.21x3.835 | 8.47 |
| | | | | |
| 6 | Toilet | 1 | | 18.71 |
| | 5220x3835 | | | |
| 7 | Passaage/Stair Case/Lobby | 1 | | 160.37 |
| | 2100 mm Wide | | | |
| 8 | Wall area | 1 | | 89.41 |
| | | | Total | 510.00 |



SECTION AT A-B
MOHD. QAMRUDDIN
SENIOR ARCHITECT
ENGINEER-IN-CHIEF OFFICE
U.P. P.W.D. LUCKNOW

# शार्ट/पिस्टल फायरिंग रेन्ज

शार्ट/पिस्टल फायरिंग रेन्ज को छोटे आयुद्धों से फायरिंग अभ्यास हेतु प्रयोग में लाया जाता है। इसके निर्माण हेतु 20x50 मीटर के क्षेत्रफल भूमि की आवश्यकता होती है। फायरिंग रेंज के बट की दीवार जिसके सामने टारगेट रखकर फायर किया जाता है वह नीचे से 5 फिट की चौड़ाई से प्रारम्भ करके धीरे–धीरे कम करते हुये ऊपरी हिस्से की मोटाई कम से कम 18 इन्च मोटी होनी चाहिए। सुरक्षा के दृष्टि से तीन ओर 9 इन्च मोटाई तथा 6 फिट ऊॅचाई की चाहरदीवारी का निर्माण कराया जाना आवश्यक है तथा एक लोहे का गेट भी लगाया जाय जो अन्दर एवं बाहर से आवागमन के उपरान्त बन्द करके फायरिंग क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ आयुद्धों के भण्डारण हेतु छोटे कमरे जिसकी साइज 12x15 फिट हो के निर्माण की भी आवश्यकता है।

# लॉंग फायरिंग रेन्ज का मानक

लॉग फायरिंग रेन्ज का प्रयोग पुलिस विभाग में होने वाले सभी प्रकार के आयुद्धों से फायरिंग अभ्यास हेतु प्रयोग में लाया जाता है तथा लॉग फायरिंग रेन्ज हेतु लगभग 200x500 मीटर भूमि की न्यूनतम आवश्यकता होती है। फायरिंग बट का निर्माण फायरिंग करने वाले आयुद्धों को दृष्टिगत रखते हुये डिजाइन किया जाता है जिसके आधार पर बट का निर्माण आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सम्पूर्ण क्षेत्रफल को चहारदीवारी अथवा कांटेदार तार की बाढ़ से सुरक्षित किया जाना आवश्यक है। इस फायरिंग रेन्ज में मुख्य फायरिंग दीवार के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार टारगेट, मोर्चा, आयुधों के भण्डारण हेतु एक कमरा जिसकी साइज 12x15 फिट हो मय बरामदें के निर्माण की भी आवश्यकता है। फायरिंग हेतु उपस्थित हुये अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक प्रतीक्षा हाल जिसका साइज 20x25 फिट मय प्रसााधन कक्ष के भी बनाया जाना आवश्यक होता है।

# इण्डोर फायरिंग रेन्ज का मानक

इण्डोर फायरिंग रेन्ज का निर्माण सुरक्षा की दृष्टिकोण से आबादी वाले क्षेत्र में एवं जहॉ भूमि की कमी हो वहॉ पर बनाया जाना आवश्यक है। इसके निर्माण की लागत अन्य प्रकार के फायरिंग रेन्जो से अधिक आती है। कम भूमि आच्छादित करते हुये भी इसे बनाया जाना सम्भव होता है। पूर्णतयाः Closed (ढका) होने के कारण यह पूर्ण सुरक्षित है। बैफल फायरिंग रेन्ज की तरह ही इसमें स्टाप बट, टारगेट गैलरी, बुलट रिट्रीवल सिस्टम आदि बनाये जाते है। इसके लिये भी 60x15 फिट मीटर भूमि की आवश्यकता होती है। आवश्यकतानुसार इण्डोर फायरिंग रेन्ज कम लम्बाई की फायरिंग हेतु भी डिजाइन किया जा सकता है। आयुद्धों के भण्डारण हेतु एक कमरा जिसकी साइज 12x15 फिट हो तथा फायरिंग हेतु उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक प्रतीक्षा हाल जिसका साइज 20x25 फिट मय प्रसाधन कक्ष के भी बनाया जाना आवश्यक है।

# बैफल फायरिंग रेन्ज का मानक

(बी) vkoklh; bekjr jktLo ys[kk rFkk iwth ij 0;RiUu gkxh&

(अ) भूमि योजना को सम्मिलित करते हुये अभिलेख योजना।

(ब) प्रारूप सं० 26 में भूमि का रजिस्टर

(स) प्रारूप सं० 28 में इमारत का रजिस्टर

(द) मंजूरी किराया कथन (Statement)

(य) प्रारूप संख्या 27 में पूँजी तथा राजस्व लेखा

(सी) vkoklh; bekjr tk fd iwth rFkk jktLo ys[kk ij 0;RiUu u gk fdUrq tk fdjk;s ;kX; gk&

(अ) भूमि योजना को सम्मिलित करते हुये अभिलेख योजना।

(ब) प्रारूप सं० 26 में भूमि का रजिस्टर।

(स) प्रारूप सं० 28 में इमारत का रजिस्टर।

(द) किराया मंजूरी कथन (Statement)

टिप्पणी– शुल्क मुक्त आवासों के सम्बन्ध में भी– किराया कथन तैयार होना चाहिए जहाँ इमारत पर म्युनसिपल कर अभिनिर्धारित हो तथा इस वाल्यूम के परिशिष्ट 10 के नियम 30 (सी) की टिप्पणी 2–3 में विहित प्रक्रिया के तदनुसार किरायेदार से किराया वसूला जाय।

(ब) सफाई स्थापन, जल आपूर्ति तथा विद्युत स्थापन से सम्बन्धित सूचना स्वयं परामर्श के साथ इमारत के रजिस्टर में निविष्ट की जायेगी मंजूर किराया कथन, पूँजी तथा राज्स्व लेखा भी निविष्ट किये जायें।

fVIi.kh– जहाँ पर अभिलेख की योजना ऐसे इमारतों के लिये जो कि विभाग के कब्जे में हैं अस्तित्वाधीन न हो तब (लाइन प्लान) सेवा योजन प्रत्युद्धरित की जाये तथा इमारत के रिमार्क स्तंभ के रजिस्टर में अभिलिखित किया जाय।

## Ák:i l[;k&26

( अध्याय xiii पैरा 265)

भूमि का रजिस्टर

| प्रयोजन जो अपेक्षित है तथा प्राधिकार जिसके अधीन वह ली गयी है। | | | विनियोग तथा भुगतान किये गये प्रतिभार का वर्णन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) मन्जूर मदों की संख्या | | | | (अ) माह जिसमें समायोजन हुआ | | | |
| (ब) मन्जूरी प्राधिकारी की तिथि तथा संख्या लाल स्याही में दी जाय | | | | ब) भूमि के कब्जे के लिये कलेक्ट के पत्र में संख्या तथा तिथि | अधिनिर्णय कथन की संख्या तथा तिथि | रजिस्टर के प्लान में दर्शित प्लान की संख्य | कार्यालय में पेश की गयी अनुप्रमाणित प्रति के प्लान संख्या..... के साथ निविष्टि तथा प्रारम्भिकी की तिथि |
| (स) सड़क या इमारत या अन्य अपेक्षित कार्य का नाम(काली स्याही में) | गजट की तिथि तथा अधिसूचना की संख्या | हक्टेयर में क्षेत्र | वास्तविक नकद भुगतान प्रतिकर की | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

# Ák:i I[;k&27

( अध्याय xiii पैरा 265 )

वर्ष..... की सहायक सेवाओं तथा आवासों के राजस्व खाते तथा पूँजी

| | | | | | प्रति माह मानक किराया | | वर्ष के दौरान वसूला गया किराया | | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोकलटी | क्रम संख्या | इमारत की विशिष्ट | शुद्ध पूँजी मूल्य जिसपर किराया जोड़ा गया | सुधार पर किया गया वास्तविक खर्च | तिथि जिससे यह क्रियाशील हुआ | राशि | मासिक किराया | माह की संख्या | राशि | (i) लघु वसूली का स्पष्टीकरण (ii) निर्धारित विशेष किराये के निर्देश (iii) अनुज्ञात राशि की अधिकता में अधिकमर झटका |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

टिप्पणी– (i) पट्टा इमारत के मामले में कम भुगतान योग्य किराया स्तम्भ 4 में दर्शित करना चाहिए यदि मरम्मत शुल्क सरकार द्वारा ब्युत्पन्न हो तो इस स्तम्भ 6 में दर्शित करना चाहिए।

(ii) अपेक्षित मरम्मत पर किया गया मूल खर्च दर्शित करना चाहिए।

संलग्नक–24

प्रारूप संख्या–28

**(v/;k; xiii ijk 265)**

# इमारत के रजिस्टर

| इमारत की क्रम संख्या | सहायक मौलिकताओं की संख्या | इमारत की संख्या | जोड़ या क्रम की तिथि (यदि क्रय निर्माण की तिथि के निकटता में निविष्ट हो) | अभिलिखित मूल्य | जिसके द्वारा अधिभोग किया गया | इमारत की प्रकृति | | | स्टोरी की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | दीवाल | छत | फर्श | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | | | | | |

## Ák:i l[;k&29

( अध्याय xiii पैरा 281 )

आवासीय इमारतों की अतिरिक्तताओं तथा संपरिवर्तन की लागत के रजिस्टर

| इमारत का नाम | पूँजी मूल्य जैसा कि दिये गये इसके निर्देश के अन्तिम किराया कथन मंजूरी में अभिलिखित हो | मानक किराया तथा इसके प्रभाव की तिथि | पूँजी के विरुद्ध वर्ष के दौरान निष्पादित संपरिवर्तन या अतिरिक्तताओं पर लागत | | | | स्तम्भों का योग 4 से 8 | | स्तम्भो का योग 2 तथा 9 | तिथि से नया मानक किराया | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | |

# mRrj Án'k ifyl e[;ky;] bykgkckn&1

संख्या–बारह–27–2011 दिनांक अगस्त, 2011

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ० प्र० ।

2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ० प्र० ।

विषयः– पुलिस विभाग के भवनों पर गृहकर, जलकर इत्यादि के सम्बन्ध में।

प्रायः देखने में आया है कि पुलिस विभाग के भवनों के किराया, उपशुल्क एवं कर स्वामित्व तथा जलकर/जलप्रभार की मदों के अन्तर्गत प्रदेश के नगर निगमों/जलसंस्थानों से प्राप्त बिलों को ही आधार मानकर जनपदो/इकाइयों व्दारा लम्बित दायित्व के रूप में पुलिस मुख्यालय से अनुदान की माँग की जाती है। नगर निगमों/जल संस्थानों से प्राप्त बिल प्रायः विभाग के अधिकारियों से बिना सम्पर्क किये ही आवासीय/अनावासीय भवनों की आंकलित पैमाइस करके वार्षिक मूल्यांकन निर्धारित कर बिल विभाग को भेज दिये जाते हैं, जिसे विभाग द्वारा बिना परीक्षण किये ही सही मानकर अनुदान की माँग की जाती है। विभागीय स्तर से बिना परीक्षण किये ही बिलों का भुगतान किये जाने की स्थिति में शासकीय धन का अपव्यय होने की सम्भावना प्रबल रहती है। इस सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या (1) बारह–27–2011 दिनांक 26–4–2011, (2)बारह–110–2011 दिनांक 26–4–2011 एवं (3) बारह–110–2011/27–2011 दिनांक 5–5–2011 व्दारा भी पूर्ववत निर्देश निर्गत किये गये हैं ।

2– इस विषय में यह आवश्यक है कि माँग/कर निर्धारण एवं बिलों का सम्यक परीक्षण/जाँच करके ही भुगतान किया जाये। स्थानीय निकायों व्दारा करारोपण के विषय में निम्न प्रावधान विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैंः–

(क) उ० प्र० नगर निगम अधिनियम 1959 के अध्याय–9 विशेष कर धारा 173, 174 एवं 175 में गृहकर एवं जलकर के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है (छायाप्रति संलग्न)

(ख) जिन जनपदों में नगरपालिकायें हैं वहाँ के लिये उ० प्र० नगरपालिका अधिनियम 1916 के अध्याय 5 की धारा 128 में गृहकर एवं जलकर के

निर्धारण के सम्बन्ध में प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है (छायाप्रति संलग्न) ।

(ग) इसी प्रकार नगर पंचायतों/जिला पंचायतों के क्षेत्रों में भी सुसंगत अधिनियमों का अध्ययन कर जलकर एवं गृहकर निर्धारण का परीक्षण कर लिया जाये ।

2— अतएव कृपया जनपद के किसी वरिष्ठ अधिकारी को नगर निगम/जल संस्थान के अधिकारियों से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करके अध्यारोपित कर की धनराशि का परीक्षण करने हेतु निदेशित कर दें। स्थानीय नगर निगम के नियमों/उपनियमों/शासनादेशों की प्रतियाँ प्राप्त करके उसके आधार पर सही–सही गणना कराकर मूल्यांकन कराया जाय। इस सम्बनध में उचित होगा कि नगर निगमों/जलसंस्थानों से प्राप्त पुराने बिलों का भी परीक्षण कर लिया जाय। परीक्षणोपरान्त सही निर्धारित कराये गये मूल्यांकन के आधार पर ही किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व तथा जलकर/जलप्रभार की मदों से सम्बन्धित बिलों का भुगतान सुनिश्चित किया जाय । अभिलेखों का भलीभाँति परीक्षण कराकर यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व तथा जलकर/जलप्रभार से सम्बन्धित बिलों के सापेक्ष किसी भी स्थिति में दोहरा भुगतान न हो जाय ।

3— कृपया यह कार्यवाही अगले एक माह में करा लें और संतोषजनक कार्यवाही सम्पन्न करने का प्रमाण–पत्र दिनांक 10–09–2011 तक पुलिस मुख्यालय को प्रेषित करें। इसके उपरान्त ही उपर्युक्त मदों में अतिरिक्त अनुदान जारी किया जायेगा ।

4— कृपया यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रखी जाये ।

संलग्नकः— यथोपरि ।

ह०/—

( सुलखान सिंह )

अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,

उत्तर प्रदेश ।

'kklukns'k la[;k&,&2&1092@nl&2011&24¼7½@95] fnukad 25 uoEcj] 2011 dk vuqyXud

foo j.k i=&111&edku dk fdjk;k

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | अनावासिक प्रयोजनों (गोदामों को छोड़कर) के लिये किराये पर लिये गये भवनों का किराया स्वीकृत करना। | 1–विभागाध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त | (1) गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, लखनऊ में–<br>रु० 20.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 50,000 रुपयें प्रतिमास होगी।<br>(2) मण्डल मुख्यालयों के जनपदों में (उपर्युक्त क्रमांक–(1) में सम्मिलित जनपदों को डोड़कर)<br>रुपयें 10.00 प्रति वर्मफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 40,000 रुपयें प्रतिमास होगी।<br>(3) एक लाख जनसंख्या से ऊपर के अन्य नगरों में:–<br>रुपयें 8.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामम्ले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपये प्रतिमास होगी।<br>(4) एक लाख जनसंख्या से ऊपर के नगरों में:–<br>रुपयें 6.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक, इस शर्त के अधीन कि प्रत्येक मामले में किराया स्वीकृत करने की अधिकतम सीमा 15,000 रुपये प्रतिमास होगी।<br>(5) ग्प्रमीण क्षेत्रों में:–<br>रुपये 2.00 प्रति वर्गफुट कारपेट एरिया तक।<br>प्रतिबन्ध प्रत्येक दशा में यह है कि कार्यालय के लिये जगह वित्त विभाग के शासनादेश सं०–सी–2299/दस–एच–639–61, दिनांक 08 जून, 1965 में निर्धारित मानक नमूने के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अनुसार ली जाये।<br>fVIi.kh&1& उपरोक्त सीमा अधिकतम सीमा है और विभागाध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त द्वारा अधिक से अधिक सस्ता स्थान प्राप्त करने के लिये प्रयास किये जाने चाहिए।<br>fVIi.kh&2 ''कारपेट एरिया'' का तात्पर्य भवन के ''फलोर एरिया'' से है जिसमें किचेन, बाथरूम, मोटर गैरेज, गैलरी तथा पैसेज के फलोर एरिया शमिल नहीं होगें।<br>fVIi.kh&3 जनपद व मण्डल स्तर के कार्यालय अपना किराया निर्धारण मण्डलायुक्त के स्तर पर करायेगें।<br>fVIi.kh&4 शेष कार्यालय जिसमें मुख्यतः विभागाध्यक्ष स्तर के कार्यालय होगें, विभागाध्यक्ष से अपना किराया निर्धारित करायेगें।<br>fVIi.kh&5 विभागाध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकारों की सीमा से अधिक के मामले शासन के प्रशासकीय विभाग को सन्दर्भित किये जायेगें।<br>पूर्ण अधिकार, निम्नलिखित शर्तों के अधीनः–<br>(1) रेण्ट कण्ट्रोल एक्ट के अधीन निर्धारित अथवा स्थानीय नगर पालिका द्वारा निर्धारित किराये से जैसी भी स्थिति हो,किराया अधिक न हो। जहाँ इस प्रकार का भवन किराये पर उपलब्ध न हो, वहाँ किराया उस किरायें से अधिक नहीं होना चाहिए । |
| | | 3–प्रशासनिक विभाग | जिलाधिकारी द्वारा उचित प्रमाणित किया गया हो और संबंधित स्थानीय निकाय को सूचित किया गया हो।<br>(2) जहाँ कि भवन कार्यालय के उपयोगार्थ लिया जा रहा हो, वित्त (सी) विभाग के शासनादेश संः सी–2229/दस–एच–639–61, दिनांक 06 जून, 1955 में निर्धारित मानक नमूनों का |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | यथेष्ठ ध्यान रखना चाहिए और अन्य मामलों में जगह औचित्यपूर्ण आवाश्यकताओं से अधिक नहीं होना चाहिए।<br>टिप्पणी– 1 सरकारी कार्यालयों के लिए प्राइवेट भवन किराये पर लेने के लिए निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी।<br>(1) ऐसे भवन जो रेन्ट कन्ट्रोल ऐक्ट की परिधि के बाहर हैं को किराये पर लेने के लिए विभाग को स्थानीय रूप से अधिक पढ़े जाने वाले तीन प्रमुख एवं लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में दो बार लगातार कार्यालय प्रयोजन हेतु भवन की आवश्यकता का पूर्ण एवं स्पष्ट विज्ञापन कराना चाहिए। विज्ञापन सूचना विभाग के माध्यम से कराना आवश्यक न होगा।<br>(2) विभाग तीन अधिकारियों एक कमेटी गठित करेगा जो विज्ञापन के फलस्वरूप प्राप्त आवेदनों (Offer) पर विचार करके एवं उपलब्ध भवनों का निरीक्षण करके उपयुक्त भवन का चयन करेगी और जिलाधिकारी से किराये के औचित्य का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा जिसके उपरान्त ही सक्षम अधिकारी द्वारा भवन का किराया कमेटी की संस्तुति पर स्वीकृत किया जा सकेगा।<br>(3) किराये के औचित्य का प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी स्वयं अपने हस्ताक्षर से जारी करेंगे।<br>तहसीलदार या रेन्ट कन्ट्रोल आफीसर्स द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र इस निमित्त मान्य नहीं होगा। टाउन एरिया/नोटीफाइड एरिया/ग्रामीण क्षेत्रों में किरोय की दर का अनुमोदन जिलाधिकारी का होगा, परन्तु किराये का औचित्य प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए परगना अधिकारी अधिकृत होंगे।<br>टिप्पणी–2– सरकारी कार्यालयों के लिए किराये पर लिये गये जो भवन रेन्ट कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत आ गये हैं उन भवनों के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | किराये में वृद्धि के सम्बन्ध में निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी–<br>सरकारी कार्यालयों के लिए किराये पर लिये गये जो भवन "उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम–1972" के प्राविधानों के अन्तर्गत आ गये हैं यदि उनका किराया बढ़ाने की मांग मकानदार द्वारा की जाती है तो उसे उसके लिए उक्त अधिनियम की धारा–21(8) के प्राविधानों का पालन करना होगा, जिसके अनुसार किसी भी भवन की स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट, माकानदार के आवेदनपत्र पर उसके लिए देय मासिक किराया उतनी धनराशि तक बढ़ा सकता है जो किरायादार के अधीन भवन के बाजार मूल्य के 10 प्रतिशत के 12वें भाग के बराबर होगा और इस प्रकार बढ़ाया गया किराया आवेदन पत्र के दिनांक ठीक बाद पड़ने वाले किरायेदारी के मास के प्रारम्भ से देय होगा किन्तु अग्रेत्तर वृद्धि करने के लिए इस प्रकार का आवेदन पत्र वृद्धि के अन्तिम आदेश के दिनांक से 5 वर्ष के अवधि की समाप्ति के पश्चात ही दिया जा सकेगा। यदि उभयपक्षों के बीच किसी निर्धारित अवधि तक किराया न बढ़ाने की शर्ते तय हो चुकी हो तो उस अवधि तक किराये की वृद्धि सम्भव नही होगी। |

# mRrj Án'k uxj fuxe vf/kfu;e] 1959

## lifRr& dj

173& lEifRr&dj yxk;k tk ldxk—(1) धारा 172 की उपधारा (1) के पयोजनों के लिये संपत्ति–कर में निम्नलिखित कर सम्मिलित होंगे, जो आगे व्यवस्थित उपवादों,परिसीमाओं और शर्तों के अधीन रहते हुये नगर में भवनों या भूमियों पर लगाये जायेगें।

(क) सामान्य–कर, जो यदि (निगम) ऐसा निर्धारित करे, आंनुक्रमिक मद (graduated scale) से अरोपित किया जा सकता है।

(ख) जल–कर जो उन क्षेत्रों में लगाया जा सकेगा जहाँ निगम द्वारा जल की आपूर्ति की जाती हो।

(ग) जल निस्सारण कर (drainage tax) tk mu {ks=k e yxk;k tk ldxk tgk fuxe u ukyk (sewer) की प्रणाली की व्यवस्था की हो,

(घ) ऐसे क्षेत्रों में स्वच्छता कर (conservancy tax) जहाँ (निगम) संडासों, मूत्रालयों और नलकूपों में मलमूत्र और दूषित पदार्थ इकट्ठा करने, हटाने तथा उनका निस्तारण करने का कार्यभार वहन करती है।

(2) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाई गयी नियमावली में स्पष्ट रूप से की अन्य व्यवस्था को छोड़कर ये कर यथास्थिति भवनया भूमि के वार्षिक मूल्य (annual value) पर लगाये जायेंगे,

3{'' किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्पत्ति–करों कायोग, किसी भी दशा में भवन या भूमि या दोनों ही, जिस पर उक्त कर निर्धारित किये गये हों, के वार्षिक मूल्य के बाईस प्रतिशत से कम और बत्तीस प्रतिशत से अधिक न होगा, किन्तु इस प्रकार कि सामान्य कर, वार्षिक मूल्य के दस प्रतिशत से कम और पन्द्रह प्रतिशत से अधिक न होगा, जल–कर, वार्षिक मूल्य के साढ़े दस प्रतिशत से कम और साढ़े बारह प्रतिशत से अधिक न होगा, जल–निस्तारण–कर, वार्षिक मूल्य के ढाईप्रतिशत से कम और पाँच प्रतिशत से अधिक न होगा और स्वच्छता–कर, वार्षिक मूल्य के दो प्रतिशत से अधिक न होगा।''

174. okf"kd eY; dh ifjHkk"kk– 4{(1) वार्षिक मूल्य से तात्पर्य है–

1. उ०प्र० अधिनियम सं० 9, 1991 द्वारा निकाल दिया गया।

1{''(क) रेलवे स्टेशनों, कालेजों स्कूलों, होटलों, कारखानों, वाणिज्यक भवनों और अन्य अनावासिक भवनों की दशा में नियम द्वारा निश्चित की गयी यथास्थिति, भवन क आच्छादित क्षेत्र या भूमि के खुले क्षेत्र या दोनों के साथ खण्ड (ख) के अधीन यित आवासिक भवनों के प्रति वर्गफुट किराये की मासिक दर में गुणांक से गुणा करने पर प्राप्त का 12 गुना मूल्य।''

2{''(ख) ऐसे भवन या भूमि की दशा में, जो खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आती हों, भवन के कारपेट एरिया या भूमि के क्षेत्र पर, याथास्थिति, भवन के मामले में कारपेट एरिया का प्रति वर्गफिट पर किराये की प्रयोज्य न्यनतम मासिक दर से या भूमि के मामले में क्षेत्र का प्रति वर्गफीट पर किराये की प्रयोज्य न्यूनतम मासिक दर से गुणा करने पर प्राप्त मूल्य का बारह गुना, और इस प्रयोजन के लिये प्रति वर्गफुट किराये की न्यूनतम माकि दर ऐसी होगी जैसी * नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक दो वर्ष में एक बार भवन या भूमि की अवस्थिति, भवन के निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजन के लिये कलेक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल रेट और ऐसे भवन या भूमि के लिये उस क्षेत्र में किराये की वर्तमान न्यूनतम दर और ऐसे अन्य कारणों के आधार पर, और ऐसी रीति से, जो विहित की जायें, निर्धारित की जा सकती है :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि उपर्युक्त रीति से हिसाब लगाने पर निगम की राय में, किसी असाधारण परिस्थिति के कारण किसी भवन का वार्षिक मूल्य अत्यधिक होता हो तो निगम वार्षिक मूल्य के रूप में कोई ऐसी कम धनराशि को निश्चित कर सकती है जो न्याय संगत प्रतीत हो।

Li"Vhdj.k&,d& वार्षिक मूल्य की गणना के प्रयोजन के लिये कारपेट एरिया की गणन निम्न प्रकार से की जायेगी–

(एक) कमरे –आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(दो) अच्छादित बरामदा–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(तीन) बालकनी, कारीडोर–आन्तरिक आयाम की पचास प्रतिशत माप, रसोई और भण्डार गृह

(चार) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप,

(पाँच) स्नानगृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने से आच्छादित क्षेत्र कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

Li"Vhdj.k&nk& किसी भवन के मानक किराया या रीजनेबुल एनुअल रेन्ट की, जो उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियम) अधिनियम, 1972 के प्रयोजन के लिये हैं, गणना उस भवन के वार्षिक मूल्य की गणना

करते समय, नहीं की जायेगी।

3½2½ यदि निगम ऐसा संकल्प करे तो वार्षिक मूल्य, सम्पत्ति कर के निर्धारण के प्रयोजनार्थ, निम्न प्रकार होगा&

(क) भूमि और स्वामी द्वारा अध्यासित आवासिक भवन के मामले में उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य से, यदि भवन दस वर्ष से अधिक पुराना नहीं है तो 25 प्रतिशत कम, और यदि वह दस वर्ष से अधिक किन्तु बीस वर्ष से कम पुराना है तो 32.5 प्रतिशत कम और यदि वह बीस वर्ष से अधिक पुराना है तो चालीस प्रतिशत कम, समझा जायेगा, और

(ख) किराये पर उठाये गये आवासिक भवन के मामले में उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य से, यदि भवन दस वर्ष से अधिक पुराना है तो 25 प्रतिशत और यदि वह दस वर्ष से अधिक किन्तु बीस वर्ष से कम पुराना है तो 12.5 प्रतिशत, अधिक समझा जायेगा और यदि वह बीस वर्ष से अधिक पुराना है तो उसका वार्षिक मूल्य उपधारा(1) के खण्ड(ख) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य के बराबर समढा जायेगा।

[ 175- जल–कर लगाने पर प्रतिबन्ध– धारा 173 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन कर इस निर्बन्धन के अधीन रहते हुये लगाया लायेगा कि निम्नलिखित परऐसा कर न लगाया जाये&

½1½ किसी ऐसी भूमि पर जिसका उपयोग एकमात्र कृषि प्रयोजनों के लिये किया जाता हो,जब तक कि निगम द्वारा ऐसे प्रयोजनो के लिये जल सम्भरित न किया जाये, या

(2) किसी ऐसे भू–खण्ड या भवन पर जिसका वार्षिक मूल्य तीन सौ आठ रुपये से अधिक न हो और जिसे निगम द्वारा जल सम्भरित न किया जाता हो, या

(3) किसी ऐसे भू–खण्ड या भवन पर जिसका कोई भाग निकटतम बम्बा या अन्य जल कल से जहाँ पर जनता को निगम द्वारा जल उपलब्ध कराया जाता हो, उस नगर के लिये विहित अर्ध व्यास के भीतर न हो।

Li"Vhdj.k& इस धारा के प्रयोजनों के लिये–

(क) 'भवन' में उसका अहाता (यदि कोई हो), और जहाँ तक ही सामान्य अहाते में अनेक भवन हों, वहाँ ऐसे समस्त भवन और सामान्य अहाता भी सम्मिलित है,

(ख) 'भू–खण्ड' का तात्पर्य किसी ऐसे भूमि के खण्ड से है जो किसी एकल

अध्यासी द्वारा या अनेक अध्यासियों द्वारा सामान्य रूप से धृत हो जिसका कोई भी भाग किसी दूसरे भाग से किसी अन्य अध्यासी या अध्यासियों की भूमि या सार्वजनिक सम्पत्ति के द्वारा पूर्णतया पृथक–कृत न हो।,

176- ty&dyk vkj ty&fuLrkj.k d fuek.k &dk;k l gku okyh vk; dk ,d= djuk–

जल–कर, जल–निस्तारण कर और स्वच्छता कर से होने वाली आय तथा ऐसी अन्य समस्त आये को, जो जल–कलों, जल–निस्तारण कार्यों, नालियों तथा संडासों, मूत्रालयों और नलकूपों से इकट्ठा किये गये मल इत्यादि और दूषित पदार्थों और ऐसे पदार्थों के निस्तारण से तथा ''सलेज फार्मों'' से होती हो, एकत्र किया जायेगा और उसे उक्त जल–कलों और जल–निस्तारण निर्माण कार्यों के निर्माण, संधारण, विस्तार और सुधार के संबंध में और संडासों, मूत्रालयों तथा नलकूपों से मल इत्यादि और दूषित पदार्थ इकट्ठा करने, हटने और उनका निस्तारण करने के संबंध में, जिसके अन्तर्गत सलेज फार्मों का संधारण भी है, होने वाले व्ययों का पूरा करने के लिये खर्च किया जायेगा।

177- fdu Hk&xgkfn ij lkekU; dj vkjksfir fd;k tk;xk& lkekU; dj uxj e fLFkr lHkh Hkouk vkj Hkfe;k ij yxk;k tk;xk] flok;–

(क) उन भवनों और भूमियों के, जो एकमात्र मृतकों के निस्तारण के सम्बद्ध प्रयोजनों के लिये प्रयुक्त होती हो,

उ०प्र० अधिनियम सं०10सन् 1978 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।

## v/;k;&5

## uxjikfydk djk/kku] djk dk vf/kjk.k vkj ifjorZu

128- dj tk vf/kjkfir fd; tk ldr g–(1) इस निमित्त राज्य सरकार के किसी सामान्य नियम या विशेष आदेश के अधीन रहते हुये ऐसे कर, जिन्हें [1][नगरपालिका] सम्पूर्ण नगरपालिका या उसके किसी भाग में अधिरोपित कर सकती है, निम्नलिखित है–

(i) भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर,

(ii) व्यापार और आजीविका पर कर, जो नगरपालिका की सीमा के भातर की ताजी हो और जिसे नगरपालिका सेवाओं से विशेष लाभ हो रहा हो, या जिससे उस पर विशेष भार पड़ रहा हो,

(ii) व्यापार, आजीविका और व्यवसाय पर कर जिसमें ऐसे सभी सेवायोजन भी सम्मिलित है, जिनमें वेतन या फीस के रूप में पारिश्रमिक दिया जाता है,

[2](iii-क) नाट्यशाला–कर, जिसका तात्पर्य विनोद या अमोद पर कर से है,

(iv) नगरपालिका के भीतर किराये पर चलायी या रखी जाने वाली गाड़ी या अन्य सवारी पर या उसमें बाँधी जाने वाली नावों पर कर,

(v) नगरपालिका के भीतर रखे गये कुत्तों पर कर,

(vi) ऐसे पशुओं पर कर, जिनका उपयोग जब उन्हें नगरपालिका के भीतर रखा जाय, सवारी करने, चलाने, खींचने या बोझा ढोंने के लिये किया जाता है,

(vii) [3][* * *]

(viii) [4][* * *]

(ix) निवासियों पर उनकी परिस्थिति और सम्पत्ति के अनुसार निर्धारित कर, भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर जल–कर

[5](x-क) भवन के वार्षिक मूल्य पर जल निकास कर, जो ऐसे भवन पर उद्ग्रहणीय हो, जो निकटतम सीवर लाइन से प्रत्येक नगरपालिका के

---

[1] उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 सन् 1994 द्वारा प्रतिस्थापित
[2] उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 सन् 1964 द्वारा जोड़ा गया
[3] उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 सन् 1991 द्वारा निरसित
[4] उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 सन् 1991 द्वारा निरसित
[5] उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 सन् 1964 द्वारा जोड़ा गया

लिये इस निमित्त नियम निर्धारित दूरी के भीतर स्थिति हो,

(xi) समार्जन–कर

[6](xii) संण्डासों, मूत्रालयों और नलकूपों से मलादि और प्रदूषित पदार्थों का संग्री करने, हटाने और निस्तारण करने के लिये सफाई कर,

(xiii) [7][* * *]

(xiii-क) [* * *]

[8](xiii-ख) नगर पालिका की सीमा में स्थित स्थावर सम्पत्ति के अन्तरण विलेख पर कर

[9](xiv) [* * *]

(2) प्रतिबन्ध उपधारा (1) के खण्ड (iii) और (ix) के अधीन कर एक साथ उद्ग्रहणीय नहीं होगे [10][* * *] [11][ और न ही उपधारा (1) के खण्ड (x-क) और (xii) के अधीन कर एक साथ उद्ग्रहणीय होगें

प्रतिबन्ध यह भी है कि उपधारा (1) के खण्ड (iv) के अधीन कोई कर किसी मोटर गाड़ी के सम्बन्ध में उद्ग्रहणीय न होगा।

(3) इस धारा की कोई बात किसी ऐसे कर के अधिरोपण का प्राधिकार न देगी जिसके लिये राज्य विधान मंडल को संविधान के अधीन राज्य में अधिरोपित करने की शक्ति न हों

प्रतिबन्ध यह है [12][नगरपालिका] जो संविधान के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व, तत्समय प्रवृत्त इस धारा के अधीन कोई ऐसा कर विधिपूर्वक उद्ग्रहीत कर रही थी उस कर का उद्ग्रहण जारी रख सकती है जब तक कि संसद इसके प्रतिकूल कोई उपबन्ध न बनायें।

## l{ki

*1. विधायी परिवर्तन (Legislative changes)* *के अधीन नगरपालिकाओं द्वारा विवेकाधिकार के प्रयो के लिये कोई वासतविक मार्ग दर्शन उपबन्धित करता है?*

---

[6] उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 सन् 1964 द्वारा जोड़ा गया
[7] उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 सन् 1991 द्वारा निरसित
[8] संशोधन आदेश 1937 द्वारा निरसित
[9] उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 सन् 1991 द्वारा निरसित
[10] संशोधन आदेश 1937 द्वारा निरसित
[11] उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 सन् 1964 द्वारा जोड़ा गया
[12] उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 सन् 1994 द्वारा प्रतिस्थापित

*2. धारा 128 का उद्देश्य एवं विस्तार* *5. फीस और कर में अन्तर*

*3. सम्पूर्ण नगरपालिका या उसके किसी भाग में शब्दों का अभिप्राय* *6. उपधारा (1) का खण्ड (x)*

*4.क्या नगरपालिका अधिनियम धारा 128(1)*

1- fo/kk;h ifjorZu **(Legislative changes)** – इस धारा में अब कुल तीन बार संशोधन किये जा चुके है। इन संशोधनों को क्रमशः निम्नवत् प्रस्तुत किया जा सकता है–

(क) सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27, सन् 1964 द्वारा इस धारा की उपधारा (1) में खण्ड (iii-क) एवं (x–ख) जोड़ा गया। इसके अलावा उपधारा (2) का अन्तिम वाक्यांश और प्रथम परन्तुक भी इसी संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़े गये है।

(ख) तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या, 9 सन् 1991 द्वारा इस धारा की उपधारा (1) के खण्ड (vii), (viii) एवं (xiv) को निरसित कर दिया गया। निरसन से पूर्व ये खण्ड क्रमशः निम्नवत् थे–

(vii) यात्रियों के ग्रहोपयोगी वस्तुओं से भिन्न अन्य वस्तुओं से लदे मोटर वाहन एवं अन्य सवारियों, पशुओं और कुलियों जो कि नगरपालिका की सीमाओं मं प्रवेश करते है और ऐसी वस्तुओं या उसके किसी भाग को ऐसी सीमाओं में उतारते है, पर कर

(viii) उपभोग, उपयोग या विक्रय के लिये नगरपालिका की सीमाओं में लागयी गयी वस्तुओं या आये गये पशुओं पर चुंगी।

* * *

(xiv) किसी एक नगरपालिका से दूसरी नगरपालिका को निर्यात तथा अयात की जाने वाली वस्तुओं, जिन पर छः जुलाई 1917 को चुंगी लागू थी, पर कर या केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति से कर,

* * *

(xiv) कोई अन्य कर जो राज्य विधान मंडल द्वारा संविधान के अन्तर्गत राज्य में अधिरोपित कर सकता है।

इसके अलावा इस संशोधन अधिनियम द्वारा उपधारा (2) में प्रयुक्त शब्दों उपधारा (1) के खण्ड (viii) के अधीन वस्तुओं पर चुंगी और उपधारा (1) के खण्ड (xiii) के अधीन कर एक साथ उद्ग्रहणीय नहीं

होगे, का निरसित कर दिया गया है।

(ग) उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 1994 द्वारा उपधारा (3) में 'बोर्ड शब्द के स्थगन पर 'नगरपालिका' शब्द को प्रतिस्थापित कर दिया गया।

2. /kkjk 128 dk mnn'; ,oa foLrkj& उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 धारा 128 नगरपालिका को नगरपालिका सीमा में या उसके किसी भाग में उपधारा (1) में वर्णित करों को अधिरोपित करने की शक्ति प्रदान करती है। नगरपालिका की यह शक्ति राज्य सरकार द्वारा जारी किसी सामान्य नियम या विशेष आदेश के अधीन है। इसके अलावा उपधारा (2) एवं (3) के उपबन्धों और प्रतिबन्धों के अनुसार ही ये कर अधिरोपित किये जा सकते है। उपधार (2) निम्नलिखित करों को एक साथ अधिरोपित और उद्ग्रहीत किये जाने पर प्रतिबन्ध लगाती है–

(1) उपधारा (1) के खण्ड (iii) के अधीन व्यापार, आजीविका और व्यवसाय पर कर जिसमें ऐसे सभी सेवायोजन भी सम्मिलित है, जिसमें वेतन या फीस के रूप में परिश्रमिक दिया जाता है, एवं खण्ड (ix) निवासियों पर उनकी परिस्थितियाँ और सम्पत्ति के अनुसार निर्धारित कर।

(2) उपधारा (1) के खण्ड (x-क) के अधीन भवन के वार्षिक मूल्य पर जल निकास कर जो ऐसे भवन पर उद्ग्रहणीय हो, जो निकटतम सीवर लाइन से प्रत्येक नगरपालिका के लिये इस निमित्त नियम द्वारा निर्धारित दूरी के भीतर स्थिति हो, एवं खण्ड (xii) के अधीन सण्डासों, मूत्रालयों और नलकूपों से मलादि और प्रदूषित पदार्थो का संग्रह करने, हटाना और निस्तारण करने के लिये सफाई कर।

उत्तर प्रदेश अधिनिययम संख्या 9, सन् 1991 द्वारा इस धारा मं संशोधन किये जाने से पूर्व उपधारा (1) खण्ड (viii) के अधीन उपभोग, उपयोग का विक्रय के लिये नगरपालिका की सीमाओं में लायी गयी वस्तुओं या लाये गये पशुओं पर चुंगी एवं खण्ड (xiii) के अधीन एक नगरपालिका से दूसरी नगरपालिका में आयात–निर्यात की जाने वाली वस्तुओं पर चुंगी भी एक साथ अधिरोपित एवं उद्ग्रहीत नहीं की सकती थी।

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की इस धारा के अन्तर्गत नगरपालिका किसी ऐसी भूमि पर करारोपण नहीं कर सकती है जिसका उपयोग कृषि कार्यों के लिये होता है। 1

*एम०टी०रंजीत सिंह ब० म्यूनिसिपल बोर्ड, लखनऊ, आई०एएल०आर० (1958) 1 इलाहाबाद 646 : ए०आई०आर० 1958 इलाहाबाद 430 : 1958 ए०एल०जे० 66 : 1958 ए०डब्लू०आर० 250*

धारा 128 के अन्तर्गत कोई भी कर इस अधिनियम की धारा 131 से 135 तक मं दी गयी प्रक्रिया के पश्चात् ही अधिरोपित और वसूल किया जा सकता है।

3- ^lEi.k uxjikfydk ;k mlds fdlh Hkkx esa* 'kCnksa dk vfHkÁk;– उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 128 की उपधारा (1) के अनुसार कोई नगरपालिका सम्पूर्ण नगरपालिका या उसके किसी भाग में इस उपधारा के विभिन्न खण्डों में उल्लिखित करों में से कोई कर अधिरोपित कर सकती है। यदि नगरपालिका सीमा के भीतर स्थिति दो स्थानों की भौगोलिक स्थिति और स्थानीय व्ययवस्था में अन्तर है, तो दोनों स्थानों के लिये करों की मात्रा और स्वरूप भिन्न–भिन्न हो सकती है।इस वाद में नगरपालिका बरेली के सिविल लाइन्स क्षेत्र में भूमि अधिग्रहीत कर सड़को का निर्माण किया। अच्छे भवनों का निर्माण किया एवं उसके लिये भूमि उपलब्ध करायी, पार्क बाग आदि की व्यवस्था की, पानी और बिजली की विशेष व्यवस्था की, सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की। हय सम्पूर्ण व्यवस्था निश्चित रूप से शहर के अन्य भागों की व्यवस्था से काफी अच्छी है। ऐसी स्थिति में नगरपालिका द्वारा सिविल लाइन्स क्षेत्र में इन सुविधाओं के लिये शहर के अन्य भागों से अधिक कर लगाना अनुचित और अवैध नहीं है। इससे न तो नगरपालिका अधिनियम के किसी उपबन्ध का उल्लंघन होता है, और न ही संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होता है।

4- D;k uxjikfydk vf/kfu;e /kkjk 128 ¼1½ ds v/khu uxjikfydkvksa }kjk foodkf/kdkj ds Á;ksx ds fy;s dksbZ okLrfod ekxZ n'kZu micfU/kr djrk gS\– उच्चतम न्यायालय ने इस प्रश्न पर *गोपाल नारायण वाद*[3] में विस्तार से विचार किया। न्यायालय ने अभिधारित किया कि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य में प्रचलित नगरपालिका विधियों को संशोधित एवं समेकित करने हेतु बनाया गया। इस अधिनियम की धारा 7 नगरपालिका के कर्तव्यों क बारे में उल्लेख करती है। यह धारा नगरपालिका को नगरपालिका सीमा में स्वास्थ्य एवं सफाई, जल निकासी जलापूर्ति, स्कूल, सड़क, हास्पिटल, जच्चा–बच्चा केन्द्रो आदि की व्यवस्था और निर्माण करने हेतु निर्देशित करती है। धारा 18 उपबन्धित करती है कि नगरपालिका स्वविवेक से विशेष स्वास्थ्य सेवाओं और ऐसे अन्य कर्तव्यों को अपने हाथ में ले सकती है, जिसमें अधिक खर्च निहित है।

नगरपालिका उपर्युक्त कर्तव्यों का निस्पादन तबतक नहीं कर सकती है जब तक कि उसे कर के रूप में धन वसूलने का अधिकार प्रदान न किया जाय। धारा 128 नगरपालिका को ऐसे ही शक्ति एवं अधिकार प्रदान करती है। यह धारा उपबन्धित करती है कि नगरपालिका सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग पर कोई कर अधिरोपित कर सकती है। इस प्रकार इन धाराओं को एक साथ पढ़ने पर स्पष्ट हो जाता

है कि नगरपालिका को कर अधिरोपित करने और वसूलने की शक्ति मात्र उसे अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में सक्षम बनाने हेतु प्रदान किया गया है, किन्तु प्रश्न यह है कि नगरपालिका कर अधिरोपित करने हेतु किसी भाग का चयन किस आधार पर करेगी। धारा 128 में इसके बारे में कोई स्पष्ट उपबन्ध नहीं है। न्यायालय ने इस प्रश्न पर विचारोपरान्त संप्रेक्षित किया कि नगरपालिका अधिनियम की धारा 7 एवं 8 नगरपालिका के जिन कर्तव्यों का उल्लेख करती है उनका अनुपालन एवं निष्पादन सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र में एक साथ करना आवश्यक नहीं है। उनका प्रारंभ किस विशेष क्षेत्र में किया जा सकता है जिसका विस्तार सामान्य क्रम में अन्य क्षेत्रों में भी किया जायेगा। कुछ सुविधायें जो नगरपालिका के किसी क्षेत्र में आवश्यक है, अन्य क्षेत्रों में आवश्यक नहीं हो सकती है या उनका स्वरूप भिन्न हो सकता है। किसी स्थान की दूरी और भौगोलिक स्थिति के कारण एक ही प्रकार की सुविधाओं के लिये खर्च में भिन्नता आ सकती है। इन भिन्नताओं के आधार पर कर अधिरोपित करने हेतु नगरपालिका द्वारा कर अधिरोपित करने हेतु क्षेत्रों का चयन किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में यह कहना उचित नहीं है कि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम के अन्तर्गत नगरपालिका द्वारा करारोपण करने और क्षेत्रों का चयन करने हेतु कोई मार्ग निर्देशन नहीं किया गया है।

5. Qhl vkj dj e vUrj& फीस और कर में कोई व्यापक अन्तर नहीं है। दोनों जनता से धन वसूने की रीति है, किन्तु जहाँ कर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अधिरोपित किया जाता है, और किसी सेवा के बदले में नहीं लगाया जाता है, फीस प्रदान की गई सेवा के बदले में अधिरोपित और वसूल की जाती है।[1]

फीस उसी अनुपालन में होनी चाहिए जिस अनुपात में सेवायें प्रदान की गई है, किन्तु इसके लिये यह आवश्यक नहीं है कि ऐसे अनुपात में गणितीय शुद्धता हो।[2]

धारा 110 की उपधारा (1) के खण्ड–(X) के अधीन अधिरोपित जलकर नहीं है अपितु कर है।[3]

6. mi/kkjk ¼1½ dk [k.M&(X) उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम की धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड–(X) के अन्तर्गत नगरपालिका को भवनकर और जलकर दोनों अधिरोपित करने की शक्ति प्राप्त है, किन्तु इस अधिनियम की धारा 141 से 144 तक के उपबन्धों का अनुसरण मात्र भवन कर के निर्धारण के प्रयोजनार्थ ही आवश्यक है न कि जलकर के निर्धारण किये जाने के लिए।[4]

128&d¼1½ यदि किसी नगरपालिका ने धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड–(xiii–ख) अभिदिष्ट कर अधिरोपित किया हो तो अचल सम्पत्ति के किसी हस्तान्तरण पर विलेख भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 द्वारा आरोपित शुल्क ऐसी नगरपालिका की सीमाओं के भीतर स्थित अचल सम्पत्ति दशा में, प्रतिफल की धनराशि

या मूल्य पर, जिसके अभिदेश में उक्त अधिनियम के अधीन शुल्क की गणना की जाये, दो प्रतिशत बढ़ दिया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से 5[नगरपालिका] विशेष संकल्प द्वारा शुल्क में वृद्धि के उपर्युक्त प्रतिशत को पाँच प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

(2) उक्त वृद्धि के परिणामस्वरूप समस्त संग्रहित धनराशि अनुषंगिक व्यय की, यदि कोई हो, कटौती करने, पश्चात राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति से जिसे विहित किया जाय सम्बन्ध 6[नगरपालिका] को भुगतान की जायेगी।

(3) इस उपधारा के प्रयोजनों के लिये भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 27 इस प्रकार पढ़ी जायेगी और उसका अर्थ इस प्रकार लगाया जायेगा मानों विनिर्दिष्ट रूप से यह अपेक्षित है कि उसमें निर्दिष्ट विशिष्टियों का निम्नलिखित के सम्बन्ध में प्रथक–प्रथक उल्लेख किया जायेगा।

(क) सम्पत्ति जो नगरपालिका की सीमा के भीतर स्थित है, और

(ख) सम्पत्ति जो नगरपालिका की सीमा के बाहर स्थित है।

(4) इस धारा के प्रयोजनों के लिये भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 64 में सरकार को किये गये समस्त निर्देशों से यह समझा जायेगा कि उसमें नगरपालिका भी सम्मिलित है।

# mRrj Án'k ifyl e[;ky;] bykgkcknA

संख्या : बारह–14–69, दिनांकः जुलाई, 2011

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

विषयः– पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में अलग–अलग कनेक्शन (संयोजन) कराये जाने के सम्बन्ध में ।

———

उपर्युक्त विषयक कृपया पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित 28–8–2006 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके व्दारा शासन के पत्र संख्या–6150/6–पु–7–05–198/2000, दिनांक 21–12–2005 के परिप्रेक्ष्य में आय–व्ययक के अनुदान–26 (पुलिस) के अधीन लेखाशीर्षक ''2055–पुलिस आयोजनेत्तर'' के मानक मद –09–विद्युत देय की मद में धन की उपलब्धता की स्थिति में आवंटित अनुदान से विद्युत मीटर रहित आवासों में विद्युत मीटर लगवाये जाने हेतु पूर्ववत् निदेशित किया गया है ।

2– अवगत कराना है कि आवासीय एवं अनावासीय की विद्युत दरें अलग–अलग होती हैं। अतः इनका अलग– अलग विद्युत कनेक्शन (संयोजन) होना आवश्यक है। पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित 28–8–2006 के सन्दर्भ में जनपदों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि स्थानीय पावर कार्पोरेशनों व्दारा आवासीय एवं अनावासीय भवनों में अलग–अलग विद्युत कनेक्शन नहीं किये जा रहे हैं। अतः निदेशक (वाणिज्य), उ०प्र० पावर कार्पोरेशन, लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार(चतुर्थ तल), 14–अशोक मार्ग, लखनऊ को इस आशय का प्रस्ताव प्रेषित कर उनसे अनुरोध किया गया ।

3– इस सम्बन्ध में निदेशक (वाणिज्य), उ०प्र० पावर कार्पोरेशन, लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार (चतुर्थ तल), 14–अशोक मार्ग, लखनऊ ने अपने पत्र संख्या–143/मु०अ० (वा०एवं ऊ०ले०)/ वा०–1 दिनांक 25–6–2011 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से प्रदेश के समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण) विद्युत वितरण क्षेत्रों को जनपद में स्थित पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में अलग–अलग विद्युत कनेक्शन (संयोजन) लगाने हेतु निदेशित किया गया है।

4– पुलिस/पीएसी० के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में पृथक– पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) की व्यवस्था कराने हेतु शासन द्वारा भी पत्र संख्या–2015/6–पु–7–11–5 बजट/2011, दिनांक 29–4–2011 द्वारा निदेशित किया गया है ।

5– वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा एलएमवी–1, एलएमवी–4 व एलएमवी–5 के अनुसार आवासीय एवं अनावासीय भवनों/स्ट्रीट लाइट/ट्यूबवेल हेतु दरें निर्धारित हैं, जिसमें आवासीय भवनों के विद्युत दर सबसे कम हैं।

6– समय–समय पर पावर कारपोरेशन के स्थानीय अधिकारियों से प्रचलित दरों का विवरण लेकर प्राप्त बिलों की चेकिंग की जाये कि बिलों में सही दरें ही अंकित की गई हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी अवधि का दोहरा/दोबारा बिल न भुगतान कर दिया जाये ।

7– अतः कृपया स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर अपने समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों हेतु अलग–अलग विद्युत कनेक्शन(संयोजन) कराया जाना सुनिश्चित करें।

8– आवासीय परिसर का अलग कनेक्शन होने पर इस मीटर के आधार पर व्यय का भुगतान किया जाय । पूर्व में भी आवासीय भवनों में मीटर/सब मीटर लगवाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं । अतः प्रत्येक आवासीय भवनों में एक–एक सब मीटर लगवाया जाये।

9– विद्युत व्यय वसूली हेतु एक रजिस्टर बनाया जाय, जिसमें प्रत्येक आवास हेतु एक पृष्ठ आवंटित किया जाय । आवासों में लगवाये गये सब–मीटर की रीडिंग के आधार पर आवासियों से विद्युत देयों की वसूली की जाय। वसूल की गई धनराशि विद्युत विभाग से प्राप्त होने वाले विद्युत बिल के सापेक्ष पावर कारपोंरेशन को भुगतान किया जाय। स्ट्रीट लाइट का व्यय सरकारी/आवंटित बजट से किया जाय।

संलग्नकः

1— निदेशक (वाणिज्य) का पत्र संख्या—143/
मु०अ०(वा०एवं ऊ०ले०)/वा०—1
दिनांक 25—6—2011

2— शासन का पत्र दिनांकित 29—4—2011

भवदीय,
ह०/—
( सुलखान सिंह )
अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वही ।

1— प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः—

(1) पुलिस महानिदेशक के सहायक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ० प्र० लखनऊ।

(2) गोपनीय सहायकः— अपर पुलिस महानिदेशक, भवन एवं कल्याण/अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय/पुलिस महानिरीक्षक, प्रो० एवं बजट/पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय/पुलिस अधीक्षक/कार्मिक''/अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय/भवन एवं कल्याण/पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक एवं भवन कल्याण, उ० प्र० पु० मुख्यालय ।

(3) कार्यालय अधीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक/भवन एवं कल्याण, उ०प्र० पुलिस मुख्यालय।

2— प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

अनुभाग अधिकारीः—अनुभाग— 3/ख, 11, एवं 13 पु० मु० इलाहाबाद ।

## mRrj Án'k iqfyl eq[;ky;] bykgkckn

la[;k%ckjg&14&69] fnukd% fnlEcj] 2011

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

विषयः– पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में अलग–अलग कनेक्शन(संयोजन) कराये जाने के सम्बन्ध में ।

––––

उपर्युक्त विषयक कृपया पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 08–07–2011 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके व्दारा पुलिस/पीएसी० के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में पृथक– पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) की व्यवस्था कराने विषयक शासन के पत्र संख्या– 2015/6–पु–7–11–5 बजट/2011, दिनांक 29–4–2011 के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर अपने समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों हेतु अलग–अलग विद्युत कनेक्शन(संयोजन) कराये जाने हेतु निदेशित किया गया है ।

2– पुलिस/पीएसी० के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में पृथक– पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) न होने के कारण जहाँ विद्युत विभाग का बकाया बढ़ता जा रहा है, वहीं राजकीय कोष की भी हानि हो रही है तथा पुलिस कर्मियों में अवैध रूप से विद्युत खपत सम्बन्धी गलत प्रथा का प्रादुर्भाव भी बढ़ता रहा है ।

3– ज्ञातव्य है कि इस सम्बन्ध में निदेशक (वाणिज्य), उ०प्र० पावर कार्पोरेशन, लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार(चतुर्थ तल), 14–अशोक मार्ग, लखनऊ व्दारा भी अपने पत्र संख्या–143/मु०अ० (वा०एवं ऊ०ले०)/ वा०–1 दिनांक 25–6–2011 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से प्रदेश के समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण) विद्युत वितरण क्षेत्रों को जनपद में स्थित पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में अलग–अलग विद्युत कनेक्शन (संयोजन) लगाने हेतु निदेशित किया गया है।

4– अतएव समसंख्यक परिपत्र दिनांक 08–07–2011 के अनुपालन में पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी अनावासीय एवं आवासीय परिसरों में लगवाये गये अलग–अलग

विद्युत कनेक्शनों (संयोजनों) के सम्बन्ध में अनावासीय एवं आवासीय भवनों के नाम सहित सूचना पुलिस मुख्यालय को दिनांक 15–12–2011 तक निश्चित रूप से पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें । भेजी जा रही सूचना में यह भी स्पष्ट किया जाय कि पृथक–पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) के पहले वसूली गई धनराशि एवं लगवाये गये विद्युत मीटरों के आधार पर हो रही वसूली में कितनी धनराशि का अन्तर आ रहा है।

भवदीय,

ह०/–

( बी०एन० सिंह )

पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय,

उत्तर प्रदेश।

v/k;k;&7 dk lyXud&29 ¼2½

# mRrj Áns'k iqfyl eq[;ky;] bykgkckn

l[;k%ckjg&14&69] fnukad% fnlEcj] 2011

सेवा में,

1— समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

2— समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

विषयः— पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी आवासीय एवं अनावासीय भवनों में अलग—अलग कनेक्शन(संयोजन) कराये जाने के सम्बन्ध में ।

————

उपर्युक्त विषयक कृपया पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 08—07—2011 एवं अनुस्मारक पत्र दिनांक 03—12—2011 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अनुपालन में पुलिस एवं पी०ए०सी० के सरकारी अनावासीय एवं आवासीय परिसरों में लगवाये गये अलग—अलग विद्युत कनेक्शनों (संयोजनों) के सम्बन्ध में अनावासीय एवं आवासीय भवनों के नाम सहित सूचना एवं पृथक—पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) के पहले वसूली गई धनराशि एवं लगवाये गये विद्युत मीटरों के आधार पर हो रही वसूली में धनराशि के अन्तर से पुलिस मुख्यालय को दिनांक 15—12—2011 तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है ।

2— पुलिस/पीएसी० के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में पृथक—पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) की व्यवस्था के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या—2015/6—पु—7—11—5 बजट/2011, दिनांक 29—4—2011 के अनुपालन हेतु अनुस्मारक प्राप्त हो रहें हैं ।

3— इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि आवासीय परिसर का अलग कनेक्शन होने पर विद्युत विभाग द्वारा लगाये गये आवासीय मीटर के आधार पर व्यय का भुगतान किया जाय एवं प्रत्येक आवासीय भवनों में एक—एक सब मीटर लगवाया जाये।

4— यह भी स्पष्ट करना है कि आवासीय/अनावासीय भवनों में पृथक—पृथक विद्युत कनेक्शन(संयोजन) की व्यवस्था हेतु मात्र पत्र व्यवहार पर ही निर्भर रहना

कदाचित उचित नही होगा । अतएव आवासीय/अनावासीय भवनों में स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों से अधिकारी स्तर पर व्यक्तिगत सम्पर्क कर अपने अधीनस्थ समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों हेतु अलग–अलग विद्युत कनेक्शन(संयोजन) कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

5– इस सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय व्दारा परिपत्र दिनांकित 08–07–2011 के सन्दर्भ में क्लोज मानीटरिंग की जा रही है । अतः इस सम्बन्ध में उच्च स्तर पर कार्यवाही करते हुए प्रत्येक सप्ताह कृत कार्यवाही की प्रगति से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

6– अतएव पुनः अनुरोध है कि कृपया स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों से उच्च स्तर पर व्यक्तिगत सम्पर्क कर अपने अधीनस्थ समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों हेतु अलग–अलग विद्युत कनेक्शन(संयोजन) कराया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक 15–12–2011 से प्रथम सप्ताह प्रारम्भ माना जायेगा । प्रत्येक सप्ताह निम्नांकित प्रारूप में सूचना पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

| अनावासीय भवनों की संख्या के अनुसार | | आवासीय परिसर के भवनों की संख्या के अनुसार | | आवासीय परिसर में मीटर लगने के पश्चात उनकी संख्या के अनुसार lc&eh Vj | | आवासीय रजिस्टर बना या नही | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मीटर लगा | मीटर नही लगा | मीटर लगा | मीटर नही लगा | मीटर लगा | मीटर नहीं लगा | हाँ | नहीं |
| | | | | | | | |

7– प्रकरण को कृपया शीर्ष वरीयता प्रदान की जाय ।

भवदीय,

ह०/–

( आशीष गुप्ता )

पुलिस महानिरीक्षक, प्रो० एवं बजट,

उत्तर प्रदेश।

l[;k rFkk fnukd ogh

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया अपने अधीनस्थ जनपदों/इकाइयों को अपेक्षित सूचना पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध

कराये जाने हेतु अपने स्तर से भी समुचित निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें:–

1– समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक,परिक्षेत्र,उ०प्र०।

2– समस्त पी०ए०सी०,जोन/पी०ए०सी० सेक्टर,उ०प्र० ।

l:[;k rFkk fnukd ogh

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1– पुलिस महानिदेशक के सहायक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०, लखनऊ।

2– गोपनीय सहायकः–अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, अपर पुलिस महानिदेशक, भवन एवं कल्याण/पुलिस महानिरीक्षक, प्रो० एवं बजट/ पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय/ स्थापना, पुलिस अधीक्षक, कार्मिक/अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय /भवन एवं कल्याण/ पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक एवं भवन कल्याण, उ० प्र० पु० मुख्यालय।

3– अनुभाग अधिकारीः–अनुभाग– 3/ख 11 एवं 13 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।